दस्तावेजों की उनके पास कोई कमी नहीं है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि हमारे भारत के इतिहासकारों के बहुत बड़े हिस्से में उनके तमाम तथ्यों को इतिहास की विकृत व्याख्या बताते हुए उनको खारिज कर दिया है। इसके बावजूद वे अपने हिटलरी और गोलवलकर के प्रचारतंत्र के अनुगामी होने के कारण इस बात को विश्वास करते हैं कि एक झूठ को यदि सौ बार बोला जाए तो सत्य बन जाता है और तमाम मुनाफाखोरों, पूंजीपतियों का समर्थन प्राप्त करके अपनी सारी सत्ता के चलते आज जो उस प्रचारतंत्र में लग गए है कि हम जो बात कह रहे हैं वह बात ठीक है। इतिहास की जो व्याख्या हम कर रहे हैं वह ठीक है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मुझे याद आते हैं, हमारे प्रेमचंद, जिन्होंने उस समय कहा था कि इतिहास से अदावतें मोल नहीं लेनी चाहिएं, इतिहास से हमें सबक लेना चाहिए, लेकिन यह हमारे साथी इतिहास से अदावतें लेने पर ही जोर दे रहे हैं। इतिहास की गलतियां ठीक करना चाहते हैं। इतिहास की गलतियों को कोई कैसे ठीक कर सकता है? इतिहास से हम सबक तो ले सकते हैं, लेकिन इतिहास की गलतियों को हम ठीक नहीं कर सकते। इतिहास को भूतकाल कहते हैं और भूतकाल यानी भूत, भूतों को नहीं छेड़ना चाहिए। भूतों को छेड़ेंगे तो वही होगा जो आज हिन्दुस्तान में हो रहा है। उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि इन्हीं लोगों ने हमारी हिन्दी पत्रकारिता पर, वह हिन्दी पत्रकारिता जो महावीर प्रसाद द्विवेदी की, विष्णु पराड़कर की, गणेश शंकर विद्यार्थी की परंपरा थी, उस हिन्दी पत्रकारिता के एक हिस्से को भी इन सांप्रदायिक ताकतों ने कलंकित किया और हमारी हिन्दी पत्रकारिता पर यह बदनुमा दाग लगा दिया कि हिन्दी पत्रकारिता ने सांप्रदायिकता को भड़काने का काम किया और प्रेस कौंसिल को इसके लिए उन्हें धमकाना पड़ा। पता नहीं हिन्दी पत्रकारिता अपने ऊपर इस लगे हुए दाग को कैसे धोएगी? उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपसे थोड़ा समय और लेना चाहूंगी कि आज जो लोग, जो हमारी भारतीय जनता पार्टी के लोग धर्म निरपेक्षमो को छद्म धर्म निरपेक्षता कह रहे हैं, झूठी धर्म निरपेक्षता कह रहे हैं, उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहूंगी कि आखिर धर्म निरपेक्षता के मायने क्या होते हैं, धर्म निरपेक्षता के जिस मायने को हम समझते हैं और जिसके सही मायने पर अमल करने से कांग्रेस भी कतराती रही हालांकि सोलंकी जी ने अपने भाषण में यह बात जरूर कही और धर्म को राजनीति से अलग करने की जो जरूरत है, वह धर्मनिरपेक्षता की सही पहचान है। उपाध्यक्ष महोदय, अफसोस है कि हमारे देश की विभिन्न राजनीतिक पार्टियां चाहे वह कांग्रेस हो, चाहे वह भारतीय जनता पार्टी हो अपने राजनीतिक स्वार्थों के चलते उन्होंने धर्म का राजनीति के लिए इस्तेमाल किया है। धर्म को मोहरे के रूप में इस्तेमाल किया है। इसलिए यह जरूरत है कि हम आज की परिस्थिति में इस बात पर गंभीरता से सोचें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, हमें खुशी होती अगर इस विधेयक में राम जन्म भूमि बाबरी मस्जिद के प्रश्न को भी शामिल कर लिया जाता। वह इसमें शामिल नहीं किया गया है। मामला बहुत ऊपर तक जा चुका है और हम चाहते हैं कि इस मसले का शांतिपूर्ण ढंग से समाधान किया जाए। इसका अगर अदालत के जरिए फैसला होता है, अगर वैसी स्थिति आए तो उस स्थिति को भी मानने के लिए तैयार रहना चाहिए। इस के साथ ही उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं यह कहना चाहती हूं कि आज की परिस्थिति में जो लोग धर्म की आड़ में घिनौना खेल खेल रहे हैं, उनके लिए मैं सिर्फ हमारे गणेश शंकर विद्यार्थी की बात को उद्धृत करना चाहूंगी। गणेश शंकर विद्यार्थी ने सांप्रदायिकता को विवेक पर मार, बुद्धि पर मार,

जनता की बुद्धि पर मार बताते हुए कहा था—

"यहां बुद्धि पर परदा डालकर पहले ईश्वर और आत्मा का स्थान अपने लिये लेना और फिर धर्म, ईमान, ईश्वर और आत्मा के नाम पर अपनी स्वार्थसिद्धि के लिये लोगों को लड़ाना भिड़ाना। सूझ बूझ के धर्म की दुहाइयां देते-देते और दीन-दीन चिल्लाते हैं और अपने प्राणों की बाजियां खेलते हैं और थोड़े से अनियंत्रित और धूर्त आदमियों का आपस ऊंचा करते और उनका बल बढ़ाते हैं। धर्म और ईमान मन का सौदा हो, ईश्वर और आत्मा के बीच का संबंध हो। आत्मा को शुद्ध करने और ऊंचा उठाने का साधन हो। वह किसी दशा में भी किसी दूसरे व्यक्ति को स्वाधीनता को छीनने या कुचलने का साधन न बने। ... ईश्वर उन नास्तिकों और ला-मजहब लोगों को अधिक प्यार करेगा और वह अपने पवित्र नाम पर अपवित्र काम करने वालों से यही कहना पसंद करेगा, मुझे मानो या न मानो तुम्हारे मानने से हो मेरा ईश्वरत्व कायम नहीं रहेगा, दया करके मनुष्य को मानो, पशु बनना छोड़ो और आदमी बनो।"

उपाध्यक्ष महोदय, मैं संसद के इस मंच से भारतीय जनता पार्टी और उन तमाम पार्टियों को जोकि धर्म की आड़ में राजनीतिक गोटियां लाल करने का घिनौना खेल खेलती है, आगाह करना चाहती हूं कि वे इस घिनौने खेल को बंद करें ताकि यह हमारे हिंदुस्तान की संस्कृति, यह धर्मनिरपेक्ष संस्कृति, यह धार्मिक सहिष्णुता की संस्कृति जिसके कारण आज भी हिंदुस्तान का नाम सारी दुनिया में अमर है, हम हिंदुस्तान की ऐसी संस्कृति को और ज्यादा कलंकित न करें। अपने देश को एकता और अखंडता के साथ और ज्यादा खिलवाड़ न करें।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं एक बार फिर सरकार को इस विधेयक को लाने के लिए धन्यवाद देती हूं और आशा करती हूं कि हमारी शासक पार्टी आइंदा इस घिनौने खेल में अपने हाथ नहीं जलाएगी धन्यवाद।

SHRI BISHAMBHAR NATH PANDE (Nominated): There is a temple at the confluence of Ganga and Yamuna at Allahabad dedicated to Someshwar Nath Mahadev. In 1948, when I was the Chairman of the Allahabad Municipal Board, the mahant of this temple died. There were two claimants and their case came to me for adjudication as to who is the real mahant. I asked them to produce any document, which they may possess, so that I could consider their case. One of the parties brought a farman. The farman was of Aurangazeb's. Aurangazeb, by his farman, had granted two villages to the temple. The words were:

"ठाकुर जी के भोग और पूजा के लिए"

I became suspicious. In school and college, I had read the same history which taught that Aurangazeb was an idol-breaker, a temple-breaker. I became suspicious. I thought it was a fake document. But before coming to any conclusion, I thought I should take legal opinion. I went to Sir Tej Bahadur Sapru. I placed the document before him. I asked him: 'Dr. Saheb, is this document a genuine one or a fake one? He read the document and said that the document was a genuine one. I said: 'Aurangazeb associating himself with idolatory! Could he have said:

"ठाकुर जी के भोग और पूजा के लिए"

Could he have associated himself with such a thing? He was an idol-breaker.' Dr. Sapru said 'No'. He said: 'This is a genuine document'. Then, he asked his Munshi to bring

[Shri Bishambhar Nath Pandey]

the file of the Jangambadi Temple whose appeal was pending before the High Court of Allahabad. There were many *farmans*. Then, on his advice, I wrote to the Mahants of nearly 30 important temples in India asking them whether they had any *farmans* of Aurangazeb with them. Many of them sent me copies of the *farmans*. The main *farman* wrich came to light in 1905 was the Banaras *farman*. I would like to quote the wordings of that *farman*, the English rendering It says:

"Let Abul Hasan worthy of favour and countenance trust to our royal bounty, and let him know that since in accordance with our innate kindness of disposition and natural benevolence, the whole of our untiring energy and all our upright intentions are engaged in promoting the public welfare and bettering the conditions of all classes, high and low. In accordance with our holy law, we have decided that the ancient temples shall not be destroyed, but new ones shall not be built.

"In these days of our justice, information has reached our noble and most holy court that certain persons interfere and harass the Hindu residents of the town of Banaras and its neighbourhood; and the Brahmin keepers of the temples, in whose charge these ancient temples are; and that they further desire to remove these Brahmins from their ancient offices, and this intimidation of theirs causes distress to that community.

"Therefore our royal command is that, after arrival of this lustrous order, you should direct that, in future, no person shall in unlawful way interfere or disturb the Brahmins and other Hindu residents at these places, so that they may as before, remain in their occupation and continue with peace of mind to offer prayers for the continuance of our Godgifted empire, so that it may last forever. Treat this order as urgent."

This was the Banaras farman. I would not take much time of the House. There are other *farmans*. There are nearly a dozen farmans of Aurangazeb by which he granted jagirs to the Maha Kal Temple at Ujjain, the Devi Temple at Guwahati. There are the instances of the Balaji Mandir, of Chitrakut and Jain temples; the Abu temple, the Shatranja temple and so many other temples. Since then I have come across nearly 500 *farmans* of the whole period, beginning from the Pathan rulers to the end of Mughal period which granted jagirs to the Hindus and the Jains. He did not make any differentiation between one caste or the other. The people always approached him for justice and the justice was given to them. A new Aurangzeb came, absolutely new, but the British imperialism has exploited Aurangzeb for dividing the Hindus and the Muslims. Should we continue the same process in our free India? Then there is a Chitrakut *farman*, which says:

"बादशाह का शाही आदेश है कि इलाहाबाद सूबे के कालिंजर परगना के अन्तर्गत चित्रकूट पुरी के निर्वाणी महंत श्री बालक राम को श्री ठाकुर बालाजी महाराज के सम्मान में उनकी पूजा और भोग के लिये बिना लगानी 8 गांव दानस्वरूप प्रदान किये जाते हैं और रास परगना के अरद्वाग गांव की डेढ़ सौ बीघा जमीन तथा अमरावती गांव की 180 बीघा जमीन बिना लगान कृषि योग्य भूमि के साथ परगना की लगान वसूली से एक रुपया दैनिक अनुदान भी स्वीकृत किया जाता है।"

तो इस तरह आप देखेंगे कि औरंगजेब ने हर बड़े मंदिर को जागीर दी। तो यह सवाल उठाना कि औरंगजेब के तोड़े हुये मंदिरों, में मथुरा का और

वाराणसी का जिक्र किया जाता है, वाराणसी के मंदिर की कथा बड़ी दिलचस्प है। वाराणसी में विश्वनाथ का मंदिर बड़ा प्रसिद्ध मंदिर है। जिस समय औरंगजेब की फौजी यात्रा बंगाल की ओर जा रही थी, रास्ते में जब बनारस का शहर पांच मील दूर रह गया, उसके बगल से सड़क जाती थी। उसके साथ मुसलमान सामंत और हिन्दू सामंत दोनों चलते थे। हिन्दू सामंतों ने यह इच्छा प्रगट की कि हमारी रानियां गंगा स्नान करके और विश्वनाथ के दर्शन करलें औरंगजेब ने कहा—बिल्कुल ठीक। फौज बिठादी गयी रास्ते में। सौ पालकियों में रानियां चलीं, उन्होंने गंगा स्नान किया। उसके बाद जाकर के उन्होंने विश्वनाथ के दर्शन किये। सभी रानियां लौट आयीं, सिर्फ एक रानी—कच्छ की महारानी नहीं लौटी। कहां गयी वह? मंदिर को खोजा गया, चारों तरफ देखा गया, रानी का कहीं पता नहीं था। औरंगजेब को जब मालूम हुआ कि मेरे सामंत की रानी मंदिर के भीतर से गायब हो जाये, यह कैसे हुआ? चुनांचे, उसने हुक्म दिया कि सारे इलाके को घेर लिया जाये, किसी को निकलने न दिया जाये, चप्पे-चप्पे जमीन को तलाशी ली जाये और रानी का पता लगाया जाये। तलाशी ली गयी। आखिर में

3.00 P.M. मंदिर में ही एक मूर्ति के पास से एक तहखाना नजर आया। उसमें ताला लगा हुआ था। उसको खोलकर देखा गया तो नीचे कोई एक दर्जन कंकाल पड़े हुए थे। रानी भी वस्त्रहीन वहां पड़ी थी, उसके शरीर पर कपड़े नहीं थे, उसके आभूषण उतार लिए गए थे, उसे डिसऑनर किया गया था। वह रोती हुई जख्मी हालत में पड़ हुई थी। उसको मार डालने की कोशिश की गई थी लेकिन थोड़ी जान उसमें बाकी थी। उसने कहा मेरे साथ ऐसा बर्ताव हुआ। औरंगजेब को जब मालूम हुआ कि मेरे सामंत की रानी के साथ ऐसा बर्ताव हुआ और उस मंदिर में ठीक गर्भगृह के नीचे इस किस्म के बलात्कार होते रहे हैं जिसकी मिसाल उन एक दर्जन कंकालों को देखकर मिलती थी। तो उसने कहा कि यह स्थान पवित्र नहीं है, यहां से मूर्ति को हटाकर दूसरी जगह पर ले जाओ। मूर्ति तोड़ी नहीं गई लेकिन उसने कहा कि यह मंदिर अब इस काबिल नहीं रहा कि यहां पूजा हो और भोग लगाया जा सके विश्वनाथ जी का।

चुनांचे उसके बाद कोशिश हुई और महंत और उसके आदमियों को सजाएं दी गईं लेकिन उनके आदमियों और दूसरे लोगों ने बाद में औरंगजेब के जो सिपाही वह थे बनारस में, उन पर हमला किया। उनके ऊपर हमला करने के बाद लड़ाई हुई और उस लड़ाई में मंदिर का बहुत सा भाग टूटा। यह कहानी है उसके पीछे। आप कहेंगे औरंगजेब के आदमियों ने इस तरह मंदि तोड़ दिया। अगर मस्जिद होती तो वह क्या करता? इसकी मिसाल मैं आपको देता हूं। गोलकुंडा का जो सुलतान था उसने एक करोड़ रुपया उस जमाने में मस्जिद के नीचे दफन कर दिया। औरंगजेब को जब मालूम हुआ कि उस सुलतान ने इस तरह से जनता का रूपया मस्जिद के नीचे दफन कर दिया है तो उसने हुक्म दिया कि मस्जिद को तोड़कर खजाना निकालकर जनता के काम में इस्तेमाल किया जाए।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You are dealing with the present: he is dealing with the past.

(SHRI CHATURANAN MISHRA (Bihar): I am also dealing with the present ... (*Interruptions*) ... he has done a lot of research on this subject. So, I must give profit to him. I wanted to know how this happened. That is why I raised this question.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): We have a very short span of time.

SHRI CHATURANAN MISHRA: All right. I withdraw it.

SHRI JAGESH DESAI (Maharashtra): We never knew all these facts.

श्री विश्वम्भर नाथ पांडे : पुराना नियम यह चला आ रहा था कि कोई मंदिर तोड़ा नहीं जाएगा। यह औरंगजेब का फरमान था और औरंगजेब का ही नहीं, पुराने पठान बादशाहों की तरफ से भी यह फरमान चला आ रहा था। चूंकि जब वहां से मूर्ति हट गई और वहां मंदिर नहीं रहा तो लोगों ने एजीटेशन करना शुरू किया, आंदोलन करना शुरू किया। तब वहां मंदिर तो बन नहीं सकता था, इस कारण से कि कोई बावेला न खड़ा हो, वहां मस्जिद बना दी गई।

श्रीमती सुषमा स्वराज (हरियाणा) : उस नापाक जगह मंदिर नहीं बन सकता था तो मस्जिद बन सकती थी?

श्री विश्वम्भर नाथ पांडे: जहां गर्भगृह था वहां नहीं बल्कि उसके आसपास मस्जिद बनी है। वह जमाना ऐसा था जब तमाम मंदिरों में संपदा इकट्ठी करके रखी जाती थी। तमाम संपदा मंदिरों में रहती थी। राजा का खजाना खाली रहता था, मंदिरों का खजाना भरा होता था। राज्य की आमदनी मंदिरों में चली जाती थी। इसलिए मंदिर आकर्षण का विषय था कि वहां जाओ और आक्रमण करो और माल लूटो। क्या कहते थे उस जमाने में? जब सुबुतुद्दीन की फौज हिन्दुस्तान पर हमला करने के लिए आ रही थी अहिलवाड़ा के राजा सुबतुद्दीन की फौज उस का मुकाबला करने के लिए वहां गयी। राजा भोज ने देखा कि अच्छा मौका है अहिलवाड़ा में फौज अब नहीं है तो उन्होंने आक्रमण करके अहिलवाड़ा को लूट लिया। क्या यह सच नहीं है कि जिस समय पेशवा के पास अपनी फौज को देने के लिए तनख्वाह नहीं थी तो उनकी सेना ने श्रृंगेरी मठ पर आक्रमण करके श्रृंगेरी मठ को लूट लिया। वहां सोने की मूर्ति जो थी उसको उठाकर ले गए। तो मंदिर में चूंकि संपदा रहती थी इसलिए मंदिर एक आकर्षण का विषय था तो लोग आसानी से वहां जाकर कब्जा कर लें और वहां से लूट का माल आसानी से मिल जाएगा।

श्री चतुरानन मिश्र : अब वोट है इसीलिए लोग वहां जाते हैं। ... (*व्यवधान*)

श्री विश्वंभर नाथ पांडे : मेरी बहन ने आर.एस.एस. का जिक्र किया। मैं उनकी गलतफहमी दूर करना चाहता। आर०स०एस० की बुनियाद हिटलर के उसूलों के मुताबिक नहीं रखी गई आर०एस०एस० के जो फाउंडर थे, डा० हेडगेवार, उनके साथ मुझको काम करने का मौका मिला। वह नागपुर के प्रमुख कांग्रेस मैन थे। दो बार वह जेल गए कांग्रेस के आंदोलन में। जिस समय यह सवाल उनके सामने था कि हम ऐसी स्वयंसेवक संस्था बनाए जो स्वयंसेवक संस्था देश की सेवा कर सके लेकिन उनका जो उद्देश्य था वह था पृथ्वी सूक्त जिसके मुताबिक नाना धर्माः यथोकसम, यानि सभी धर्म, नाना जातिः नान धर्मायः नाना वर्णः, नाना वर्चस यथो कसम यह देश ऐसा है जहां तरह तरह के धर्म हैं, तरह तरह की जातियां हैं, तरह तरह के वर्ण हैं, एथनिक माइनॉरिटीज, तरह तरह की भाषाएं हैं। तो यह उद्देश्य था उनका इस डाइवर्सिटी में रहते हुए जो लोग एकता में विश्वास रखते हैं ऐसे लोगों का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ बनाना और जब 1925 में अमरावती में उन्होंने पहला कैंप किया मुझको भी उसमें शामिल होने का मौका मिला और वहां के वातावरण में हिन्दू भी थे थे, मुसलमान भी थे, पारसी भी थे ईसाई भी थे, सभी लोग उस संघ में थे। कैसे वह बदल गए? डा. मुंजे उनको लेकर गए रत्नागिरी में। उस समय वहां वीर दामोदर सावरकर नजरबंद थे। तीन दिन की बातचीत के बाद

जब वह लौटे तो उन्होंने उसको हिन्दू संगठन बना दिया। मैंने उनसे पूछा कि आपने यह क्या किया डाक्टर साहब? आप तो बड़े उदात्त उसूलों को लेकर चले थे। लेकिन आज आपने इसको हिन्दू संगठन बना डाला। कहने लगे मैं क्या करूं, मेरे ऊपर भारी दबाव पड़ रहा है। इसलिए यह कहना कि हिटलर को मिसाल लेकर उन्होंने यह किया, इस बात से मेरा अंतर है। बदले वह, लेकिन 1925 के आखीर में बदले। और फिर जब उसके बाद गोलवरकर जी के हाथ में शक्ति आई, वह गुरू बने तो उन्होंने उसको ठेठ हिटलरशाही का नमूना बना दिया। तो भाइयो, हमने एक संस्कृति तैयार की थी जिसमें हमारे लोग कहते थे—

हम इश्क के बंदे हैं, मजहब से नहीं वाकिफ
काबा हुआ तो क्या, बुतखाना हुआ तो क्या।

तो यह एक उद्देश्य था, एक आदर्श था। मैं आपको आगह करना चाहता हूं कि अगर आप इस गलत रास्ते पर चलते गए तो फिर यह याद रखिए—

बस इक कदम उठा था गलत रहे शौक में,
मंजिल तमाम उम्र हमें ढूंढती रही।

मंजिल ढूंढती रहेगी इस देश में कि कहां गई इसकी आत्मा इसकी आत्मा को खोजने के लिए। इसकी आत्मा खोजने गई। राम के जो सबसे बड़े भक्त तुलसीदास थे; उन्होंने भी जिक्र किया है। जब उनको बहुत सताया गया और कहा गया कि तुम शिव को छोड़ कर राम की उपासना क्यों करते हो तो उनका बहिष्कार किया गया। हालत यह हो गई थी कि वह मांग कर खाते थे और मस्जिद में जाकर सोते थे। उन्होंने खुद लिखा है: मांग के खाइबो, मसीत को सोइबो। यानी मांग कर खा लूंगा और मस्जिद में जाकर सो जाऊंगा लेकिन अपने विचार मैं नहीं बदलूंगा। यह राम के सबसे बड़े भक्त तुलसीदास का आदर्श था। क्या फिर वही सातवीं और आठवीं सदी की चीजों को दोहराना चाहते हैं? जब शशांक ने कोई 6 हजार से ज्यादा संघाराम बिहार बर्बाद कर दिया, जब सुन्दरपांड्य ने कोई 5 हजार जैन मन्दिरों को शैव मन्दिरों में बदल दिया, 25 हजार जैनों को फांसी के तख्ते पर लटका दिया तो क्या हम फिर वही दिन लाना चाहते हैं? नहीं। हिन्दुस्तान की आत्मा जागेगी। हिन्दुस्तान की आत्मा इन चीजों को कभी बर्दाश्त नहीं करेगी। हम लोगों को चार दिन मूर्ख बना सकते हैं लेकिन आखिर में भारत की आत्मा जागेगी और जो वसुधैव कुटुम्बक में विश्वास करते हैं वे इन चीजों को चलने नहीं देंगे। मैं अपने दोस्तों से इल्तिजा करता हूं, दरख्वास्त करता हूं कि आइये अभी भी समय है, लौट आइये। गलत कदम उठाया है उसको बदलिये और भारत की समन्वयात्मक संस्कृति के साथ चलिये। इन शब्दों के साथ मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं।

श्री सिकन्दर बख्त (मध्य प्रदेश): सदर साहब, मेरा सर नाज से फख्र से ऊंचा हो रहा है कि मैं ऐसे मुल्क का बाशिंदा हूं जिस मुल्क की सभ्यता और संस्कृति अपने ऊपर क्रिटीकल नजर डाल सकती है। मुझ से पहले चार भाषण हुए, उनकी राय से मुझे इत्तफाक नहीं है। लेकिन यह मंजर मैं सिर्फ हिन्दुस्तान में देख सकता हूं। मुझ से पहले चार बोलने वालों के नाम हिन्दू हैं। किस हद तक वे अपने धर्म के रास्ते पर चलते हैं उससे मुझे ताल्लुक नहीं है। लेकिन जितने भाषण उनके मैंने सुने उनमें बुनियादी बात यह थी कि इस मुल्क के हर मजहब के आदमी को बराबर का हक है। मेरा सर नाज से फख्र से ऊंचा है कि मैं इस मुल्क का बाशिंदा हूं।

इससे पहले कि मैं असल मौजू पर आऊं दो-चार बातें कहना चाहता हूं। मौजू ऐसा है कि इख्तलाफ राय लाजिमी है इसलिए मैं आमतौर पर वैसे भी अल्फाज

[श्री सिकन्दर बख्त]

इतखाब बहुत एहतियात से करता हूं। मैं यह भी कोशिश करता हूं कि अपनी बात के कहने में जाती हमले न हों। मैं किसी का नाम लेना भी पसन्द नहीं करता। जब कुछ असुल की बात हो तो मैं कोशिश करता हूं कि तहजीब की हुदूद से आगे न निकलूं। इसको बिल्कुल गैर जरूरी मानता हूं कि हम हर बात को दुरुस्त साबित करने के लिए या तो इसको तआसुब की तराजू में डालें या सियासी रकाबत की तराजू में डालें। अगर कोई बात हमारी तआसुब के मुताबिक न हो तो उसको शोरे-कयामत में डुबो दें। मुल यह कि पता भी न चले कि जो बात कही गई है उसमें अंतकी सच्चाई कितनी है या कितनी नहीं है। गुल की एक बुलअजबी है, एक विडम्बना है कि यह गुल जिद करता है कि मेरे ताआस्सिब को अपनाओ, मेरे ताआस्सिब क मुताबिक अपनी बात कहो। बात यहीं खत्म नहीं होती। वह यह भी कहता है कि मेरे ताआस्सिब को अपना उसूल बनाओ। अब जाहिर बात है कि वह हो नहीं सकता। मैं तो बात अपनी ही कहूंगा। पसन्द और नापसन्द का आखितयार तो सुनने वालों पर है। एक यह भी बदकिस्मती है कि कभी कभी हम पर एक बात इतनी छा जाती है, इतने महब हो जाते हैं हम एक बात में कि उस बात तक पहुंचना किस तरह से है, कौन से तारीखी और जुगराफियाई मलाइल से निकल कर हम बात तक पहुंचे, हमारे जहनों से वह बात गिर जाती है, पूरा का पूरा वायुमंडल एक ही बात के घेरे में आ जाता है कि सिर्फ वर्तमान है। न कोई अतीत, न कोई भविष्य, न कोई मुस्तकलिब। जो कुछ कहना है, आज की बात को सामने रख कर कहना है। अतीत में क्या हुआ, कैसे हुआ, माजी में, अतीत में, हमारी कोई गलतियां हुई हैं जिसकी वजह से हम आज की स्थिति तक पहुंचे हैं, इसको हम भूल जाते हैं और कभी जानबूझ कर और कभी अनजाने में भूल जाते हैं। हम बड़े नाजुक मसले पर बात कर रहे हैं। मेरी गुजारिश यह है कि इस मसले पर गौर करने के लिए हमें तारीखी जुगराफिया पश्मंजर को अपने जहन में रखना चाहिए, अपनी नजर के सामने रखना चाहिए। मैं अन्डरलाइन करना चाहूंगा इस बात को कि हमें तारीखी और जुगराफिया सिचुएशन को सामने रखना चाहिए। मुझे यह भी अर्ज करना है कि हम किसी विषय को शुरू से नहीं लेते। अपनी सहूलियत के मुताबिक हर बात को शुरू करते हैं और लफज के मायने भी अपनी सहूलियत के मुताबिक बनाने की कोशिश करते हैं। उसको दलीलों का दर्जा दे देते हैं। इस तरह से हकीकत का चेहरा, हकीकत की सूरत, बिगड़ जाती है। मसलन जब हम मुल्क में समाजी, सियासी और मुखतलिफ फिरकों में रिश्तों की बात करते हैं तो हम मुल्क के तकसीम की तारीख भूल जाते हैं, हम इसको भी जहन-अन्दाज कर देते हैं कि हमारे मुल्क के आस-पड़ौस में थियोक्रेसी का समुद्र है। अब इन बातों का कुदरती और नफसियाती असर हमारे मुल्क में होने वाली समस्याओं पर क्या पड़ना चाहिए उसको जहन में रख कर बात करें तो अच्छा है।

इस बिल के बारे में मुझे यह कहना है कि फिलहाल मुक्तसरन यह कह रहा हूं कि उन तफसिलात में जनमें हमारे सब लोग गय हैं, जाने की को शश करूंगा क यह बल असल मसले से मुकम्मल फरार है।

This Bill is escapist, unimaginative. It displays a miserable lack of will to fact the real problem.

इस बल में हमारी सरकार की मजबूरियों की तस्वीर है। असल प्रोबल्म क्या है असल प्रोबल्म हिन्दुस्तान के मुखतलिफ फिरकों के आपस के रिश्ते हैं, असल प्रोबल्म इन रिश्तों के दरमियान कसदगियां हैं, असल प्रोबल्म हिन्दुस्तान की एकता है। बाबरी मस्जिद और राम मन्दिर जन्म भूमि की तफसिलात मैं रखूंगा। उसको सिर्फ मजहबी सवाल बना दिया गया है। बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि का मामला जिस शक्ल में आज है, वह केवल मजहब का सवाल नहीं है। उससे हिन्दुस्तान की एकता का अखण्डता का सवाल जुड़ा हुआ है। बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि के विवाद की वजह से यह बिल

आया है । अजीबो-गरीब बात यह है कि जिस वजह से इस बिल का वजूद हुआ है उसी मामले में यह खामोश है है ।

उस मामले पर यह बिल खामोश है । खामोश ज्यादा है, बोलता कम है । यह तारीख 15 अगस्त की लगाई गई है, इसके पीछ क्या स्प्रिट है ? जो आपकी स्प्रिट है, सरकार की स्प्रिट है वह मैं जानना चाहता हूं । इसको भी सरकम्बिअट करने की कोशिश की गई ? हजारों लाखों मस्जिदें तोड़कर कयीं गुरुद्वारे बन गय हैं, दिल्ली में मैं दो-तीन मसाले दे सकता हूं । मस्जिदें नापैद हो गई हैं, वहां मकानात बने हुए हैं, लोग रह रहे हैं । स्प्रिट तो यह है कि कोई मस्जिद अगर तोड़ी गई हो तो 15 अगस्त 1947 की तारीख मुकर्रर करने से क्या होता है ? उस तारीख को मुकर्रर करने के पीछे स्प्रिट यह होनी चाहिये कि अगर कोई इबादतगाह तोड़ी गई है तो उसको उसी हाल में लाया जाय । अचानक यह तारीख कहां से जेहन में आ गई अगर आई है तो हर इबादतगाह जो 15 अगस्त, 1947 के बाद तोड़ी गई हैं उसको वापस उसी शकल में लाया जाय तभी आप अपनी नीयत की सफाई का सबूत दे सकेंगे । दिल्ली में मैं बता सकता , दो-तीन मस्जिदों के बारे में जिनकी शकल बाकी नहीं है, दरगाहों का बाजूद बता सकता हूं जो मौजूद नहीं है । हम लोग लिमिटेशन के पीछे यह बिल लाये हैं जो कि असल मसायल को डील नहीं करता है । लेकिन इस मामले में जब 15 अगस्त की तारीख मुकर्रर करते हैं तो लिमिटेशन से मामला बढ जाता है । मैं काश्मीर का सवाल उठाना तो नहीं चाहता हूं लेकिन

But how do you read the Bill when when you exclude Kasmir? How do you feel

15 अगस्त, 1947 के बाद की कोई जगह, इबादतगाह, दरगाह गिरायी न जाये, लेकिन काश्मीर में छूट हैं । काश्मीर में मुझे मालूम हैं कि उनके कानून अलग हैं . . .

श्री एस० बी० चव्हाण : गिराने की इजाजत, यह मैंने कहा से निकाले हैं आपने ? . . . (व्यवधान) . . .

श्री सिकन्दर बख्त : मैं गुजारिश यह करूंगा कि मैं प्रोवोक नहीं करूंगा किसी को। आप लोगों की बातें मैंने बड़ी खामोशी से सुनी हैं। इसी तरह से आपको मुझसे सुनना चाहिए। मैं प्रोवोक नहीं करूंगा। मैं बुलंद आवाज से भी नहीं बोल रहा हूं।

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : प्रोवोक होइये भी नहीं।

श्री सिकन्दर बख्त : बिल्कुल प्रोवोक होने का सवाल ही नहीं है और मैं हो भी नहीं रहा हूं, मालवीय साहब। मैं दर्द में डुबा हुआ हूं। मैं इस वक्त डंडा लेकर नहीं घूमना चाहता हूं और अपनी जुबान पर कोई ऐसी बात लाना भी नहीं चाहता हूं। लेकिन यह एक दर्दनाक मसला है । अगर हिन्दुस्तान एक है तो देशभर की सारी इबादतगाहें तो महफूज हो गई लेकिन काश्मीर की इबादतगाहों को महफूज करने के काबिल हम नहीं हैं ।

सदर साहिब, बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि का विवाद ही मेरी राय में, जैसा मैंने शुरू में कहा कि यह असल बीमारी नहीं है। बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि की असल बीमारी, अलामत, सिमटम यह हैं कि

Normally speaking, it should have been a non-issue.

बाबरी मस्जिद और राम जन्म भूमि के सवाल पर अगर मैं होम मिनिस्टर साहब से पूछूं, मैं इस पर आपकी तवज्जह चाहता हूं कि क्या यह बिल राष्ट्रीय मिजाज की स्थापना का जरिया बन सकता है ?

Can this Bill take the responsibility of inculcating a national templr which is conducive to the value, to the ethos, to the traditions and to the culure of this country? Can this Bill claim that?

क्या यह बिल फिरकावाराना तनाव, कम्युनल टेंशन को कम कर सकता है ? कहीं एक शब्द है इसके बारे में ? क्या यह बिल लाने वालों की नजर ने बुनियादी बीमारियों पर जो 44 साल के अन्दर हमारे मुल्क में डेवलप हुई है, कम्युनल डिस्टर्वेंस, फिरकावाराना विवाद,

lack of a national temper built on the values of this country.

बाबरी मस्जिदराम जन्म भूमि का विवाद तो महज अलामत हैं इन चीजों की । मैं बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि की तफसीलात में जाऊंगा लेकिन यह कहना

[श्री सिकन्दर बख्त]

चाहता हूं कि जिन बीमारियों का जिक्र मैं कर रहा हूं उन बीमारियों की वजह से हिन्दुस्तान में विभाजन की ताकतों ने पंजाब, कश्मीर और असम में सिर उठा लिया है । यह ताकतें हिन्दुस्तान को दोबारा से 1947 से पहले की मानसिकता के आधार पर तकसीम करने की साजिश इस मुल्क में कर रही हैं। बदकिस्मती यह है कि हमारी नजरों से बहुत सारे अखबारात गुजरते नहीं हैं। कुछ अखबारात मैं लाया हूं। "पाकिस्तान टेररिस्ट तैयार कर के हिन्दुस्तान भेज रहा है" क्यों भेज रहा है। क्यों भेज रहा है? पाकिस्तान के एक दो नेताओं के बयानात अगर यहां आते हैं तो क्या हम उसमें किसी किस्म की शरारत को देखने के लिए तैयार नहीं हैं।" हम हिन्दुस्तान को डिस्टेबलाइज इसलिए करना चाहते हैं, हिन्दुस्तान को दोबारा से काट कर के इस हिन्दुस्तान में एक और इस्लामी मुल्क को बनाना चाहते हैं"। इससे भी कुछ हजरात दे कर उन बयानात के सहारे पर उसी रास्ते पर चल रहे हैं या नहीं? दो चार मिसालें दे सकता हूं। एक साहब का आर्टिकल है, नाम नहीं लूंगा।

श्री चतुरानन मिश्र: आर्टिकल है तो नाम लेने में क्या हर्ज है।

श्री सिकन्दर बख्त: क्या नाम लूं। सब जानते हैं। (व्यवधान) अगर आपको समझ में नहीं आएगा तो ले भी लूंगा।

"Not only Muslim Indians but and the Indians who believe in secularism ..."

यानी मुसलमानों के मुतालिक तो तय कर लिया कि वह तो है ही सेकुलर लेकिन हिन्दुओं में से कुछ हिन्दू जो सेकुलरिज्म को सामने रख कर बात कही है—

It will have nation-wide and even international repercussions."

टुकड़े पढ़ रहा हूं, पूरा नहीं पढ़ सकता हूं। इसमें धमकियां क्या हैं, मैं चाहूंगा होम मिनिस्टर साहब इस पर गौर फरमाएं।

"Moral justification to Muslim secessionism in Jammu and Kashmir and the present situation, to Muslim secessionism in Jammu and Kashmir and to Sikhs in Punjab ..."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You can make a reference.

श्री सिकन्दर बख्त: किस्सा लम्बा है, इसलिए छोड़ रहा हूं। आखिरी हिस्सा मैं सिर्फ कोट कर रहा हूं।

यह बता रहा हूं कि इस आर्टिकल में हिन्दुस्तान को दोबारा से तकसीम करने की रुझानात रखने वाले अल्फाज मौजूद हैं । यह सिर्फ पाकिस्तान के कुछ लीडरों के बयानात नहीं हैं यहां के लीडरों के भी हैं । यह जो बुजुर्ग हैं जिनको मैंने अंग्रेजी में पढ़ा है यह बुजुर्ग तो खैर हैं लेकिन उनकी तमाम खमीर और मिट्टी इस किस्म की आशा इस किस्म की जहर से बनी हुई है । यह साहब जिनका मैंने उर्दू में पढ़ा है (व्यवधान)

श्री रफीक आलम (बिहार): पेपर का नाम क्या है ?

श्री सिकन्दर बख्त: वह तो "संडे मेल' था गालिबन और यह है 'कौमी आवाज' । तो मेरी राय बहुत अच्छी थी पर मैं क्या बताऊं जगह जगह यह तो कहा गया है कि हिन्दू के मिजाज को समझने के लिए बी0जे0पी0 की सी बात करनी होगी लेकिन क्यों करनी होगी, इसलिए करनी होगी कि हिन्दू के जजबात की तर्जुमानी दूसरी सियासी पार्टियों से बेहतर भारतीय जनता पार्टी करती है । वह सब कुछ कह देती है जो बाकी बहुत से दूसरे दिलों में छिपी हुई है । गौर करें जरा, दूसरी पार्टियों के दिलों में छिपी हुई है । दूसरी पार्टियों में ऐसे बहुत से लोग हैं जो भाजपाई अफकारात को रखते हैं और रुझानात रखते हैं लेकिन सेकुलरिज्म की पोशाक पहन कर खुल कर सामने नहीं आते । बी0जे0पी0 से बात करने के बाद यह पता चल जाएगा कि इस मुल्क में

हिन्दू क्या कर रहा है । इसके बाद उसको तैयारी कर सके और तैयारी कैसे करें । अखाड़े में जाएं, डंड पेलें । यह अल्फाज भी मेरे नहीं हैं । उन्हीं के हैं । मुगलतिब मंसूबत के--खुलालिब मंसूबों का मतलब पूरे हिंदुस्तान से है--सिअलाफ तारीरी करने का मौका भी मिल जाएगा और इनकी किताबें तंजीम से आज हम अपनी मुनफियमें कत ले उड़ेंगे । इनके लफ्ज आप समझें कि नहीं । इन्होंने जो अपनी तंजीम जत आर्गेनाइजेशन जहनी आर्गेनाइजेशन कर रखा है उसको सामने रखकर हम भी अपने आपको जहनी तौर पर आर्गेनाइज कर सकेंगे और उनका मुकाबला कर सकेंगे । लेकिन सेहत की तरफ, जो नालीम से कम नहीं है, हम ध्यान ही नहीं देते हैं । अखाड़ने में जाना छोड़ दिया है, घर में भी न झण्ड हिलाते हैं न मुगदर हिलाते हैं । हमारे नौजवान न सेरे रह न सेरे मैदान दौड़ना हैं, कसरतें सकते हैं वगैरह वगैरह । आगे जाकर हमको मकानिक इस शक्ल में बनाने चाहिए कि हम डिफेंस कर सकें वगैरह वगैरह ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : आपको कितना टाइम चाहिए । आपका टाइम खत्म हो गया है ।

श्री सिकन्दर बख्त : आप कहें तो मैं बैठ जाता हूं । मुझे कुछ अर्ज करने दीजिए ।

मैं यह अर्ज कर रहा हूं कि बदकिस्मती यह है कि इस मुल्क की हिंदू आबादी उर्दू अखबारात नहीं पढ़ती है चार-पांच कालीज दिल्ली में ऐसा होते हैं, उनको पढ़िए । यह तो यकतरफा बात है । सेकयूलरिज्म, यस ! लेकिन क्या यह दावा, यह मुतालबा सिर्फ हिंदू से किया जा सकेगा हिंदू को किसी किस्म की शिकायत करने का हक नहीं है । राष्ट्रवादी ताकतों का रिएक्शन का भी हक नहीं है । मुस्लिम लीग हिंदुस्तान में दोबारा से तशरीफ ले आई है । मुस्लिम लीग के साथ बहुत सारे सेक्यूलरिस्ट के लोग दोबारा से मिलकर सरकारें चलाते रहे हैं । मैं किसी का नाम नहीं लेता हूं । मुझसे उम्र में छोटा है और बहुत गरम गरम बोल है । खाली सरकारें नहीं चली के हिंदुस्तान में एक मिनी पाकिस्तान मुस्लिम लीग की मांग पर बन चुका है । के अंदर मल्लापुरम डिस्ट्रिक्ट बनाने और क्या माने हो सकते हैं । मीनाक्षीपुरम में "पब्लिक डिस्प्ले आफ कन्वर्जन, फ्रीट ए वल्गर डिस्प्ले आफ कन्वर्जन" हुआ । किसी को रिएक्शन का हक नहीं है हमारे मुल्क में । यहां मौजूद हैं हमारे बुजुर्ग एक दूसरी संस्था है "मजलिसे इत्तिहादुल मुसलमीन" । वह हमको करीम जिन्नी ब्रांड आफ सेक्यूलरिज्म का सबक देते हैं । किसी को हक नहीं है रिएक्ट करें इन चीजों के खिलाफ ।

यहां कुछ अदालतों का जिक्र हुआ । असल में मैं बहुत जल्दी चल रहा हूं सदर साहब, क्योंकि आपने धमका दिया है । शाहबानो के केस में कोर्ट ने फैसला दिया । शाहबानो का केस क्यों बदल दिया गया । क्या उसके खिलाफ हिंदुस्तान में किसी को रिएक्शन का हक नहीं है । 26 जनवरी के बायकाट का ऐलान किया गया । एक राष्ट्रीय जश्न का दिन है । किसी इस मुल्क में रहने वाले की जर्रत हो सकती है कि जो हिंदुस्तान के राष्ट्रीय जश्न का दिन है, 26 जनवरी और 15 अगस्त के जो हमारे नाज और फक्र के दिन हैं, उनके बायकाट का ऐलान करे ? हिंदुस्तान में मुसलमानों की हिफाजत के लिए यूनाइटेड नेशन से फौजें बुला ली जाए ? हिंदुस्तान को दोबारा से गुलाम करने की तारीख शुरू कर दी जाए ।

"मुस्लिम इंडिया" के नाम से एक मैगजीन निकल रहा है हिंदुस्तान में । मुझे कोई शिकायत नहीं है कि मदरसों के काज की हिमायत के लिए मजीन निकले, अखबार निकले । लेकिन "मुस्लिम इंडिया" को शब्दावली के क्या माने हैं ?

[श्री सिकन्दर बक्त]

पाकिस्तान कैसे बन गया । एक मामूली सा आर्टिकिल हैदराबाद से आया और पाकिस्तान तो हकीकत बनकर सामने आ गया । कैसे पाकिस्तान बन गया । "मुस्लिम इंडिया" से पाकिस्तान चौंकता नहीं है । वह जो पिछली बात मैंने कही उसमें है कि वहां पाकिस्तान के कुछ लीडरों ने कहा कि हिंदुस्तान को तकसीम कराकर एक दूसरा एक नया इस्लामी मुल्क बनाना है । इससे मिलते जुलते बयानात यहां मौजूद हैं । हिंदुस्तान के नेता दे रहे हैं । किसी हिंदुस्तानी को उनके खिलाफ रिएक्ट करने का हक नहीं है । उर्दू के अखबारात पढ़िए, यह मैं चाहता हूं ताकि हमको यह पता लग जाए कि क्या लिखा जा रहा है । बदकिस्मती से कोई पढ़ता नहीं है ।

फसादात की बात कही गयी । एक बुजुर्ग मेरा इंटरव्यू लेने के लिए आये थे तो फसादात की बात कर रहे थे । मैंने कहा कि मैं फसाद में तो कहीं जाता नहीं हूं लेकिन जब कोई इन्सानी जिंदगी किसी इन्सान के हाथों जाया होती है तो खून के आंसू रोता हूं बर्दाश्त नहीं कर सकता हूं । मेरे लिए यह विडम्बना है यह हैरत है कि फिसाद के आफ्टरमाथ का जिक्र होता है, कोई फिसाद शुरु कैसे हुआ, उसका कभी जिक्र नहीं होता । (समय की घंटी) फौरन मुझे कहा गया, तो क्या आपके ख्याल में मुसलमान फिसाद शुरु करते हैं ?

मैंने कहा, मैंने तो हिंदू या मुसलमान का नाम नहीं लिया, लेकिन कल होने वाले फिसाद को रोकने के लिए यह जरुरी है कि हमको यह मालूम होना चाहिए कि यह फिसाद कैसे शुरु हुआ, किसने किया, उसके तदारुफ के लिए हम क्या कर सकते हैं ?

बदकिस्मती क्या है—रामजन्म भूमि, बाबरी मस्जिद का जिक्र मैं यहां से वहां तक सुनता रहा हूं और दिन-रात अखबारात में पढ़ता हूं और यह भी सुनता हूं कि राजनीति और मजहब को मिला कर नहीं चलना चाहिए । मैं इस बात में ईमान रखता हूं, यकीन रखता हूं, लेकिन किसने बनाया रामजन्म भूमि-बाबरी मस्जिद का विस्सा ? एक तो बाबा उसका चेला है 1936 से और दूसरा बाबा उसका चेला है 1949 से।

यह हिन्दुस्तानी अवाम के सामने—हिंदू या मुसलमान के सामने यह सवाल क्यों नहीं था ? 1986 तक क्यों नहीं था ? 1986 में यह कैसे आ गया ? कौन लाया; क्या हम हिंदुस्तान में यह पूछने के लिए तैयार नहीं हैं कि जो मामूली सा मुकदमा एक छोटी अदालत में चल रहा था, जो लोग आज अदालत का सबक हमें देने की कोशिश करते हैं, उन लोगों ने उस वक्त 1986 में उस अदालत के फैसले को मानने से क्यों इंकार किया ? और सब से बड़ी बात यह है, सदर साहब, कि इस सवाल को जोकि मामूली सी अदालत में चल रहा था, राष्ट्रीय विवाद का इशु इसे किसने बना दिया ? उसका नाम क्यों नहीं लिया जाता ?

तीन साल तक यकतरफा—वन-साइडेड टाइरेड चलता रहा कम्युनलिज्म का और एंटि-नेशनलिज्म का, उसका जिक्र किसी की जबान पर क्यों नहीं है ? बाबरी मस्जिद-रामजन्म भूमि के मामले में—मेरी संस्था तो जून 1990 से पहले आई ही नहीं थी । उससे पहले कौन था, उसका भी तो कभी जिक्र होना चाहिए । मैं यह पूछना चाहता हूं, हुनरेवाला.... (व्यवधान)

شری سکندر بخت "مدھیہ پردیش":
صدر صاحب، میرا سر ناز سے فخر سے اونچا ہو رہا ہے کہ میں ایسے ملک کا باشندہ ہوں، جس ملک کی سبھیتا اور سنسکرتی اپنے اوپر کریٹیکل نظر ڈال سکتی ہے۔ مجھ سے پہلے چار بھاشن ہوئے ان کی رائے سے مجھے اتفاق نہیں ہے لیکن یہ منظر میں صرف ہندوستان میں دیکھ سکتا ہوں۔

مجھ سے پہلے چار بولنے والوں کے نام ہندو ہیں، کس حد تک وہ اپنے دھرم کے راستے پر چلتے ہیں، اس سے مجھے تعلق نہیں ہے لیکن جتنے بھاشن ان کے میں نے سنے ان میں بنیادی بات یہ تھی کہ اس ملک کے ہر مذہب کے آدمی کو برابر کا حق ہے، میرا سر ناز سے فخر سے اونچا ہے کہ میں اس ملک کا باشندہ ہوں۔ اس سے پہلے کہ میں اصل موضوع پر آؤں، چار باتیں کہنا چاہتا ہوں۔ موضوع ایسا ہے کہ اختلاف رائے لازمی ہے اس لئے میں عام طور پر ویسے بھی الفاظ کا انتخاب بہت احتیاط سے کرتا ہوں۔ میں یہ بھی کوشش کرتا ہوں کہ اپنی بات کہتے کہتے میں ذاتی حملے نہ ہوں۔ میں کسی کا نام لینا بھی پسند نہیں کرتا۔ جب کچھ اصول کی بات ہو تو میں کوشش کرتا ہوں کہ تہذیب کی حدود سے آگے نہ نکلوں۔ اس کو بالکل غیر ضروری مانتا ہوں کہ ہم ہر بات کو درست ثابت کرنے کے لئے یا تو اس کو تعصب کی ترازو میں ڈالیں یا سیاسی رقابت کی ترازو میں ڈالیں۔ اگر کوئی بات ہماری تعصب کے مطابق نہ ہو تو اس کو شور سے قیامت میں ڈبو دیں۔ غل اتنا کہ پتہ بھی نہ چلے کہ جو بات کہی گئی ہے اس میں منطقی سچائی کتنی ہے یا کتنی نہیں ہے۔ غل کی ایک بوالعجبی ہے ایک ڈیمینا ہے کہ یہ غل ضد کرتا ہے کہ میرے تعصب کو اپناؤ میرے تعصب کے مطابق اپنی بات کہو۔ بات یہاں ختم نہیں ہوتی۔ وہ یہ بھی کہتا ہے کہ میرے تعصب کو اپنا اصول بناؤ۔ اب ظاہر بات ہے کہ وہ ہو نہیں سکتا۔ میں تو بات اپنی ہی کہوں پسند ناپسند کا اختیار تو سننے والوں پر ہے۔ ایک یہ بھی بدقسمتی ہے کہ کبھی کبھی ہم پر بات اتنی چھا جاتی ہے اتنے محو ہو جاتے ہیں ہم ایک بات میں کہ اس بات تک پہنچنا کس طرح سے ہے کون سے تاریخی اور جغرافیائی مسائل سے نکل کر ہم بات تک پہنچیں۔ ہمارے ذہنوں سے وہ بات نکل جاتی ہے پورا پورا والیومنڈل ایک ہی بات کے گرد گھومنے لگ جاتا ہے کہ صرف

†[]Transliteration in Arabic Script.

ورتمان ہے۔ نہ کوئی اتیت، نہ کوئی بھوشیہ نہ کوئی مستقبل۔ جو کچھ کہنا ہے، آج کی بات کو سامنے رکھ کر کہنا ہے۔ اتیت میں کیا ہوا۔ کیسے ہوا۔ ماضی میں۔ اتیت میں۔ ہماری کوئی غلطیاں ہوئی ہیں۔ جس کی وجہ سے ہم آج کی استھتی تک پہنچے ہیں۔ اس کو ہم بھول جاتے ہیں اور کبھی جان بوجھ کر اور کبھی انجانے میں بھول جاتے ہیں۔ ہم بڑے نازک مسئلے پر بات کر رہے ہیں۔ میری گزارش یہ ہے کہ اس مسئلہ پر غور کرنے کے لئے ہمیں تاریخی اور جغرافیائی پس منظر کو اپنے ذہن میں رکھنا چاہیئے اپنی نظر کے سامنے رکھنا چاہیئے۔ مجھے یہ بھی عرض کرنا ہے کہ ہم کسی وشے کو شروع سے نہیں لیتے۔ اپنی سہولیت کے مطابق ہر بات کو شروع کرتے ہیں اور لفظ کے معنی بھی اپنی سہولت کے مطابق بنانے کی کوشش کرتے ہیں۔ اس کو دلیلوں کا درجہ دیتے ہیں۔ اس طرح سے حقیقت کا چہرہ۔ حقیقت کی صورت بگڑ جاتی ہے مثلاً جب ہم ملک میں سماجی سیاسی اور مختلف فرقوں میں رشتوں کی بات کرتے ہیں تو ہم ملک کے تقسیم کی تاریخ بھول جاتے ہیں۔ ہم اس کو بھی ذہن انداز کر دیتے ہیں کہ ہمارے ملک کے اس پڑوس تھیوکریسی کا سمندر ہے۔ اب ان باتوں کا قدرتی اور نفسیاتی اثر ہمارے ملک میں ہونے والی سمسیاؤں پر کیا پڑنا چاہیئے۔ اس کو ذہن میں رکھ کر بات کریں تو اچھا ہے

اس بل کے بارے میں مجھے یہ کہنا ہے کہ فی الحال مختصراً یہ کہہ رہا ہوں کہ ان تفصیلات میں جن میں ہمارے سب لوگ گئے ہیں جانے کی کوشش کروں گا کہ یہ بل اصل مسئلہ سے مکمل فرار ہے۔

This Bill is escapist, unimaginative. It displays a miserable lack of will to face the real problem.

اس بل میں ہماری سرکار کی مجبوریوں کی تصویر ہے۔ اصل پرابلم کیا ہے۔ اصل پرابلم ہندوستان کے مختلف فرقوں کے آپس کے رشتے ہیں۔ اصل پرابلم ان رشتوں کے درمیان کشیدگیاں ہیں اصل پرابلم ہندوستان کی ایکتا ہے۔ بابری مسجد اور رام جنم بھومی کی تفصیلات میں رکھوں گا۔ اس کو صرف مذہبی سوال بنا دیا گیا ہے۔ بابری مسجد رام جنم بھومی کا معاملہ جس شکل میں آج ہے وہ کیول مذہب کا سوال نہیں ہے۔ اس سے ہندوستان کی ایکتا کا اکھنڈتا کا سوال جڑا ہوا ہے۔ بابری مسجد اور رام جنم بھومی کے ووواد کی وجہ سے یہ بل آیا ہے۔ عجیب و غریب بات یہ ہے کہ جس وجہ سے اس بل کا وجود ہوا ہے اس معاملہ میں یہ خاموش ہے۔ خاموش زیادہ ہے بولتا کم ہے یہ تاریخ ۱۵ اگست کی لگائی گئی ہے اس

کے پیچھے کیا اسپرٹ ہے۔ جو آپ کی اسپرٹ ہے سرکار کی اسپرٹ ہے وہ میں جانتا ہوں اس کو بھی سرکمبی ایٹ کرنے کی کوشش کی گئی۔ ہزاروں لاکھوں مسجدیں توڑ کر کہیں گوردوارے بن گئے ہیں۔ دہلی میں میں دو تین مثالیں دے سکتا ہوں مسجدیں ناپید ہو گئی ہیں۔ وہاں مکانات بنے ہوئے ہیں۔ لوگ رہ رہے ہیں۔ اسپرٹ تو یہ ہے کہ کوئی مسجد اگر توڑی گئی ہو تو ۱۵ اگست ۱۹۴۷ کی تاریخ مقرر کرنے سے کیا ہوتا ہے اس تاریخ کو مقرر کرنے کے پیچھے اسپرٹ یہ ہونی چاہیئے کہ اگر کوئی عبادت گاہ توڑی گئی ہے تو اس کو اسی حال میں لایا جائے۔ اچانک یہ تاریخ کہاں سے ذہن میں آ گئی۔ اگر آئی ہے تو ہر عبادت گاہ کو ۱۵ اگست ۱۹۴۷ کے بعد توڑی گئی ہے اس کو واپس اسی شکل میں لایا جائے تبھی آپ اپنی نیت کی صفائی کا ثبوت دے سکیں گے۔ دلی میں میں بتا سکتا ہوں دو تین مسجدوں کے بارے میں جن کی شکل باقی نہیں ہے درگاہوں کا وجود بتا سکتا ہوں جو موجود نہیں ہے۔ ہم لوگ لیجسلیشن کے پیچھے یہ بل لائے ہیں جو کہ اصل مسائل کو ڈیل نہیں کرتا ہے۔ لیکن اس میں جب ۱۵ اگست کی تاریخ مقرر کرتے ہیں تو لیجسلیشن سے معاملہ بڑھ جاتا ہے۔ میں کشمیر کا سوال اٹھانا نہیں چاہتا ہوں لیکن۔

But how do you read the Bill when you exclude Kashmir? How do you feel?

۱۵ اگست ۱۹۴۷ کے بعد کی کوئی جگہ عبادت گاہیں۔ درگاہیں گرائی نہ جائیں۔ لیکن کشمیر میں چھوٹ ہے۔ کشمیر میں مجھے معلوم ہے کہ ان کا قانون الگ ہے۔

شری ایس پی چوان: گرانے کی اجازت یہ معنی کہاں سے نکالے ہیں آپ نے۔ "مداخلت"

شری سکندر بخت: میں گزارش یہ کروں گا کہ میں پروویژن نہیں کروں گا کسی کو۔ آپ لوگوں کی باتیں میں نے بڑی خاموشی سے سنی ہیں۔ اسی طرح سے آپ کو مجھے سننا چاہیئے میں پروویژن نہیں کروں گا۔ میں بلند آواز سے بھی نہیں بول رہا ہوں۔

شری ستیہ پرکاش مالویہ: پروویژن ہونے بھی نہیں۔

شری سکندر بخت: بالکل پروویژن ہونے کا سوال ہی نہیں ہے اور میں ہو بھی نہیں رہا ہوں۔ مالویہ جی صاحب۔ میں درد میں ڈوبا ہوا ہوں۔ میں اس وقت ڈنڈا لے کر نہیں گھمانا چاہتا ہوں اور اپنی زبان پر کوئی ایسی بات بھی لانا نہیں چاہتا ہوں لیکن ایک دردناک مسئلہ ہے اگر ہندوستان ایک ہے تو دیش بھر کی ساری عبادتگاہیں تو

محفوظ ہوگئیں۔ لیکن کشمیر کی عبادتگاہوں کو محفوظ کرنے کے قابل ہم نہیں ہیں۔

صدر صاحب۔ بابری مسجد اور رام جنم بھومی کا وواد بھی میری رائے میں، جیسا میں نے شروع میں کہا کہ یہ اصل بیماری نہیں ہے۔ بابری مسجد اور رام جنم بھومی کی اصل بیماری۔ علامت۔ سمٹم یہ ہے کہ۔

Normally speaking, it should have been a non-issue.

lack, of a national temper built on the values of this country.

بابری مسجد اور رام جنم بھومی کے سوال پر اگر میں ہوم منسٹر صاحب سے پوچھوں کہ میں اس پر آپ کی توجہ چاہتا ہوں کہ کیا یہ بل راشٹریہ مزاج کی استھاپنا کا ذریعہ بن سکتا ہے۔

کیا یہ بل فرقہ وارانہ تناؤ کو مینٹل ٹینشن کو کم کر سکتا ہے۔ کہیں ایک شبہ ہے۔ اس کے بارے میں کیا یہ بل لانے والوں کی نظر نے بنیادی بیماریوں پر جو ۴۴ سال کے اندر ہمارے ملک میں ڈیولپ ہوئی ہیں۔ ہمیں کمیونل ڈسٹربینس فرقہ وارانہ وغ

بابری مسجد رام جنم بھومی کا وواد تو محض علامت ہے ان چیزوں کی۔ میں بابری مسجد رام جنم بھومی کی تفصیلات میں جاؤں گا لیکن یہ کہنا چاہتا ہوں کہ

Can this Bill take the responsibility of including a national temper which is conducive to the values, to the ethos, to the traditions and to the culture of this country? Can this Bill claim that?

جن بیماریوں کا ذکر میں کر رہا ہوں ان بیماریوں کی وجہ سے ہندوستان میں وہ طاقتوں کی طاقتوں نے پنجاب کشمیر اور آسام میں سر اٹھا لیا ہے۔ یہ طاقتیں ہندوستان کو دوبارہ ۱۹۴۷ سے پہلے کی مانسکتا کے آدھار پر تقسیم کرنے کی سازش اس ملک میں کر رہی ہے۔ بدقسمتی یہ ہے کہ ہماری نظروں سے بہت سے سارے اخبارات گزرتے نہیں ہیں۔ کچھ اخبارات میں لایا ہوں "پاکستان ٹیررسٹ تیار کر کے ہندوستان بھیج رہا ہے ہندوستان بھیج رہا ہے۔ کیوں بھیج رہا ہے۔ پاکستان کے ایک دو نیتاؤں کے بیانات اگر یہاں آتے ہیں تو کیا ہم اس میں کسی قسم کی شرارت دیکھنے کیلئے تیار نہیں ہیں۔" ہم ہندوستان کو ڈی اسٹیبلائز اس لئے کرنا چاہتے ہیں۔ ہندوستان کو دوبارہ سے کاٹ کر کے اس ہندوستان میں ایک اور اسلامی ملک بنانا چاہتے ہیں۔ اس سے ملتے جلتے یہ بیانات دیکر ہمارے ملک میں بھی کچھ حضرات ان بیانات کے سہارے اس راستہ پر چل رہے ہیں یا نہیں۔ دو چار مثالیں دے سکتا ہوں۔ ایک صاحب کا آرٹیکل ہے۔ نام نہیں لوں گا۔

"Not only Muslim Indians but all the Indians who believe in secularism..."

شری سکندر بخت: کیا نام لوں۔ سب جانتے ہیں ..... "مداخلت" .. اگر آپ کی سمجھ میں نہیں آئے گا۔ تو بے بھی لوں گا۔

شری چترانن مشرا: آرٹیکل ہے تو نام لینے میں کیا حرج ہے۔

یعنی مسلمانوں کے متعلق تو طے کر لیا ہے کہ وہ تو ہیں ہی سیکولر لیکن ہندوؤں میں سے کچھ ہندو جو سیکولرازم کو سامنے رکھ کر بات کہیں۔

"It will have nation-wide and even international repercussions."

ٹکڑے سے پڑھ رہا ہوں۔ پورا نہیں پڑھ سکتا ہوں۔ اس میں دھمکیاں کیا ہیں۔ میں چاہوں گا کہ ہوم منسٹر صاحب اس پر غور فرمائیں۔

"Moral justification to Muslim secessionism in Jammu and Kashmir and the present situation, to Muslim secessionism in Jammu and Kashmir and to Sikhs, in Punjab..."

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You can make a reference.

شری سکندر بخت: قصہ لمبا ہے، اس لئے چھوڑ رہا ہوں۔ آخری حصہ میں صرف کوٹ کر رہا ہوں۔

میں یہ بتا رہا ہوں کہ اس آرٹیکل میں ہندوستان کو دوبارہ سے تقسیم کرنے کے رجحانات رکھنے والے الفاظ موجود ہیں۔ یہ صرف پاکستان کے کچھ لیڈروں کے بیانات نہیں ہیں۔ یہاں کے لیڈروں کے بھی ہیں۔ یہ جو بزرگ ہیں جن کا نام میں نے انگریزی میں پڑھا ہے۔ یہ بزرگ تو خیر ہیں لیکن ان کی تمام خیر اور مٹی اس قسم کی بھاشا اور اس قسم کی زہر سے بنی ہوئی ہے۔ یہ صاحب جن کا نام میں نے اردو میں پڑھا ہے... "مداخلت"...

شری رفیق عالم: پیپر کا نام کیا ہے۔

شری سکندر بخت: وہ تو سنڈے میل تھا غالباً اور یہ ہے قومی آواز۔ تو میری رائے بہت اچھی تھی۔ پر میں کیا بتاؤں جگہ جگہ یہ تو کہا گیا ہے کہ ہندو کے مزاج کو سمجھنے کے لئے بی۔ جے۔ پی کی سی بات کرنی ہوگی لیکن کیوں کرنی ہوگی اس لئے کرنی ہوگی کہ ہندو کے جذبات کی ترجمانی دوسری سیاسی پارٹیوں سے بہتر بھارتیہ جنتا پارٹی کرتی ہے۔ وہ سب کچھ کہہ دیتی ہے۔ جو بات بہت سے دوسرے دلوں میں چھپی ہوئی ہے۔ غور کریں ذرا۔ دوسری پارٹیوں کے دلوں میں چھپی ہوئی ہے۔ دوسری پارٹیوں میں ایسے بہت سے لوگ ہیں جو بھاجپائی خیالات تو رکھتے ہیں اور رجحانات تو رکھتے ہیں لیکن سیکولرازم کی پوشاک پہن کر کھل کر سامنے نہیں آتے۔ بی۔ جے۔ پی سے بات کرنے کے بعد پتہ چل جائے گا کہ اس ملک میں ہندو کیا کر رہا ہے۔ اس کے بعد اس کی تیاری کر سکیں اور تیاری کیسے کریں۔ اکھاڑے میں جائیں۔ یہ الفاظ بھی میرے نہیں ہیں انہیں کے ہیں۔

مختلف منصوبوں کے۔ مختلف منصوبوں کا مطلب پورے ہندوستان سے ہے۔ خلاف تیاری کرنے کا موقع بھی مل جائے گا اور ان کی کتاب تنظیم سے آج ہم اپنی منفعت کو لے اڑیں گے۔ ان کے لفظ اپنے آپ سمجھیں کہ نہیں۔ انہوں نے جو اپنی تنظیم آرگنائزیشن۔ ذہنی آرگنائزیشن کو رکھا ہے اس کو سامنے رکھ کر ہم بھی اپنے آپ کو ذہنی طور پر آرگنائزیشن کر سکیں گے اور ان کا مقابلہ کر سکیں گے۔ لیکن صحت کی طرف جو تعلیم سے کم نہیں ہے۔ ہم دھیان ہی نہیں دیتے ہیں۔ اکھاڑوں میں جانا چھوڑ دیا ہے۔ گھر میں بھی نہ ڈنڈ پھلاتے ہیں نہ ہم مگدر ہلاتے ہیں۔ ہمارے نوجوان نہ سرراہ۔ نہ سرمیدان دوڑتے ہیں کشتیں کرتے ہیں وغیرہ وغیرہ۔ آگے جاکر ہم کو مکانات اس شکل میں بنانے چاہئیں کہ ہم ڈیفنس کر سکیں وغیرہ وغیرہ۔

آپ سبھا ادھیکش (شری بھاسکر انناجی ماسودکر): آپ کو کتنا ٹائم چاہئیے۔ آپ کا ٹائم تو ہو گیا ہے۔

شری سکندر بخت: آپ کہیں تو میں بیٹھ جاتا ہوں۔ مجھے کچھ عرض کرنے دیجئے۔

میں یہ عرض کر رہا ہوں کہ بدقسمتی کیا ہے کہ اس ملک کی ہندو آبادی اردو اخبارات نہیں پڑھتی ہے۔ چار پانچ دلّی سے شائع ہوتے ہیں۔ ان کو پڑھئے۔ یہ تو یکطرفہ بات ہے۔ میں کہتا ہوں کہ اینٹی نیشنلزم میں سیکولرزم میں لیکن یہ دعویٰ یہ مطالبہ صرف ہندو سے کیا جا سکتا ہے۔ ہندو کو کسی قسم کی شکایت کرنے کا حق نہیں۔ راشٹروادی طاقتوں کا ری ایکشن کا بھی حق نہیں۔ مسلم لیگ ہندوستان میں دوبارہ تشریف لے آئی ہے۔ مسلم لیگ کے ساتھ بہت سارے سیکولرازم کے لوگ مل کر سرکاریں چلاتے رہے ہیں۔ میں کسی کا نام نہیں لیتا ہوں۔ مجھ سے عمر میں چھوٹی ہیں اور بہت گرم گرم بولی ہیں۔ خالی سرکاریں نہیں چلی ہیں۔ ہندوستان میں ایک منی پاکستان مسلم لیگ کی مانگ پر بن چکا ہے کیرل کے اندر ملاپورم ڈسٹرکٹ بنانے کے اور کیا معنی ہو سکتے ہیں۔ مینا کشی پورم میں "پبلک ڈسپلے آف کنورجن ہوا" ہاٹ لائے ویگو ڈسپلے آف کنورجن ہوا۔ کسی کو ری ایکشن کا حق نہیں ہے۔ ہمارے ملک میں یہاں موجود ہیں ہمارے بزرگ۔ ایک دوسری سنستھا ہے "مجلس اتحاد المسلمین" وہ ہم کو قاسم رضوی برانڈ آف سیکولرازم کا سبق دیتے ہیں۔ کسی کو حق نہیں ہے کہ ری ایکٹ کرے ان چیزوں کے خلاف۔

یہاں کچھ عدالتوں کا ذکر ہوا۔ اصل میں میں بہت جلدی چل رہا ہوں صدر صاحب، کیونکہ آپ نے دھمکا دیا ہے۔ شاہ بانو کے کیس میں کورٹ نے فیصلہ دیا۔ شاہ بانو کا کیس کیوں بدل دیا گیا۔ کیا اس کے خلاف ہندوستان میں کسی کو ری ایکشن کا حق نہیں ہے۔ ۲۶ جنوری کے بائیکاٹ کا اعلان کیا گیا ایک راشٹریہ جشن کا دن ہے۔ اس ملک میں رہنے والے کی جرأت ہو سکتی ہے کہ جو ہندوستان کے راشٹریہ جشن کے دن ہیں۔ ۲۶ جنوری اور ۱۵ اگست کے جو ہمارے ناز اور فخر کا دن ہے۔ ان کے بائیکاٹ کا اعلان کرے۔ ہندوستان میں مسلمانوں کی حفاظت کیلئے یونائیٹڈ نیشنس سے فوجیں بلالی جائیں۔ ہندوستان کو دوبارہ سے غلام کرنے کی تاریخ شروع کر دی جائے۔

"مسلم انڈیا" کے نام سے ایک میگزین نکل رہا ہے ہندوستان میں۔ مجھے کوئی شکایت نہیں ہے کہ مسلمانوں کے کاز کی حمایت کیلئے میگزین نکلے۔ اخبار نکلے لیکن "مسلم انڈیا" کی شبداولی کے کیا معنی ہیں۔ پاکستان کیسے بن گیا۔ ایک معمولی سا آرٹیکل حیدرآباد سے آیا اور پاکستان حقیقت بن کر سامنے آگیا۔ کیسے پاکستان بن گیا۔ "مسلم انڈیا" سے پاکستان چونکتا نہیں ہے وہ جو پچھلی بات میں نے کہی اس میں ہے کہ وہاں پاکستان کے کچھ لیڈروں نے کہا کہ ہندوستان کو تقسیم کرا کر ایک دوسرا ایک نیا اسلامی ملک بنانا ہے۔ اس سے ملتے جلتے بیانات یہاں موجود ہیں۔ ہندوستان کے نیتا دے رہے ہیں۔ کسی ہندوستانی کو ان کے خلاف ری ایکٹ کرنے کا حق نہیں ہے۔ اردو کے اخبارات پڑھئے۔ میں یہ چاہتا ہوں تاکہ ہم کو یہ پتہ لگ جائے کہ کیا لکھا جا رہا ہے۔ بدقسمتی سے کوئی پڑھتا نہیں ہے۔

فسادات کی بات کہی گئی۔ ایک بزرگ میرا انٹرویو لینے کے لئے آئے تھے تو وہ فسادات کی بات کر رہے تھے۔ میں نے کہا کہ میں فساد میں تو کہیں جاتا نہیں ہوں لیکن جب کوئی انسانی زندگی کسی انسان کے ہاتھوں ضائع ہوتی ہے تو خون کے آنسو روتا ہوں برداشت نہیں کر سکتا ہوں۔ میرے لئے یہ وڈمبنا ہے۔ یہ حیرت ہے کہ فساد کے آفٹر ماتھ کا ذکر ہوتا ہے کوئی فساد شروع کیسے ہوا۔ اس کا کبھی ذکر نہیں ہوتا..... وقت کی گھنٹی".....

فوراً مجھے کہا گیا۔ تو کیا آپ کے خیال میں مسلمان فساد شروع کرتے ہیں۔

میں نے کہا۔ میں نے تو ہندو یا مسلمان کا نام نہیں لیا۔ لیکن کل ہونے والے فساد کو روکنے کے لئے یہ ضروری ہے۔ ہم کو یہ

معلوم ہونا چاہیئے کہ یہ فساد شروع کیسے ہوا کس نے کیا اس کے تدارک کے لئے ہم کیا کر سکتے ہیں۔

بدقسمتی کیا ہے "رام جنم بھومی بابری مسجد" کا ذکر میں یہاں سے وہاں تک سنتا رہا ہوں اور دن رات اخبارات میں پڑھتا ہوں اور یہ بھی سنتا ہوں کہ راجنیتی اور مذہب کو ملانا نہیں چاہیئے۔ میں اس بات میں ایمان رکھتا ہوں یقین رکھتا ہوں لیکن کس نے بنایا "رام جنم بھومی بابری مسجد" کا قضیہ۔ ایک تو بابے اس کا چلا ہے ۱۹۳۶ء سے اور دوسرا بابے اس کا چلا ہے ۱۹۴۹ء سے۔

یہ ہندوستانی عوام کے سامنے ہندو یا مسلمان کے سامنے یہ سوال کیوں نہیں تھا ۱۹۸۶ء تک کیوں نہیں تھا۔ ۱۹۸۶ء میں یہ کیسے آ گیا۔ کون لایا۔ کیا ہم ہندوستان میں یہ پوچھنے کے لئے تیار نہیں ہیں کہ جو معمولی سا مقدمہ ایک چھوٹی عدالت میں چل رہا تھا جو لوگ آج عدالت کا سبق ہمیں دینے کی کوشش کرتے ہیں۔ ان لوگوں نے اس وقت ۱۹۸۶ء میں اس عدالت کے فیصلہ کو ماننے سے کیوں انکار کیا اور سب سے بڑی بات یہ ہے جناب صدر صاحب کہ اس سوال کو جو کہ معمولی سی عدالت میں چل رہا تھا راشٹریہ وواد کا ایشو اسے کس نے بنا دیا۔ اس کا نام کیوں نہیں لیا جاتا۔

تین سال تک یکطرفہ "ون سائڈڈ ٹائرڈ" چلتا رہا کمیونلزم کا اینٹی نیشنلزم کا۔ اس کا ذکر کسی کی زبان پر کیوں نہیں ہے۔ بابری مسجد رام جنم بھومی کے معاملہ میں میری سنتھا تو جون ۱۹۹۰ء سے پہلے آئی ہی نہیں تھی۔ اس سے پہلے کون تھا۔ اس کا بھی کبھی ذکر ہونا چاہیئے۔ میں یہ پوچھنا چاہتا ہوں حضور والا..... "مداخلت"....

श्री राम नरेश यादव (उत्तर प्रदेश) : उसका हल कैसे होगा ?....**(व्यवधान)** या और खूनरेज़ी होगी।....**(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : मैं हल बता सकता हूं, लेकिन मुझे रंज यह है कि आज भी किसी भाई की जबान पर....**(व्यवधान)**

شری سکندر بخت : میں حل بتا سکتا ہوں لیکن مجھے رنج یہ ہے کہ آج بھی کسی بھائی کی زبان پر ..... "مداخلت" ....

:

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल (उत्तर प्रदेश) : इस तकरीर का मकसा क्या है ? यह बिल पर बोल रहे हैं य यहां पर बाकायदा एक फिरके के खिलाफ हरीला प्रोपेगेंडा करने के लिए बोल

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: میں یہ پوچھنا چاہتا ہوں کہ کیا سکندر بخت نے ایک بھی لفظ بل پر بولا ہے..."مداخلت"...

شری محمد افضل عرف م۔ افضل: اس تقریر کا مقصد کیا ہے۔ یہ بل پر بول رہے ہیں یہاں پر باقاعدہ ایک فرقہ کے خلاف زہریلا پروپیگنڈہ کرنے کے لئے بول رہے ہیں۔

श्रीमति सुषमा स्वराज : पहले बोल वाले चारों वक्ताओं ने भी इसके बारे में कहा है ।... **(व्यवधान)**

श्री सिकन्दर बख्त : मेरी गुजारिश यह है कि रामजन्म भूमि–बाबरी मस्जिद के सवाल को किसने उठाया, किसने राष्ट्रीय विवाद को जन्म दिया, उसका नाम हमारी जबान पर क्यों नहीं आता ? यह सिर्फ बी०जे०पी० का जिक्र किसलिए ?

इसीलिए मैं कहना चाहता हूं कि जिस वक्त हम सेक्युलरिज्म की बात कहते हैं, मैं भी कहता हूं और दावा करता हूं कि भारतीय जनता पार्टी का भी यकीन सेक्युलरिज्म में है, लेकिन सेक्युलरिज्म के डबल स्टेण्डर्ड नहीं हो सकते । सेक्युलरिज्म के खिलाफ जिस जगह जहर नजर आए, हर जगह में जहर की मुखालफत की आवाज हिंदुस्तान का हिंदू और मुसलमान मिल कर उस आवाज को उठाये । यह यकतरफा डबल स्टेण्डर्ड रहने की बात नहीं है । सदर साहब, आज तमाम तीरों का रुख भारतीय जनता पार्टी की तरफ क्यों हैं ? कुछ ऐसा हो गया कि मिसचीफ से शिकायत नहीं है, मिसचीफ के खिलाफ शिकायत करने वालों के खिलाफ शिकायत है । मैं बड़े अहतराम के साथ जो मुझसे पहले तकरीर हुई, उसका जिक्र—और जैसे कि मैंने कहा कि मुझे तो यह लुत्फ आया कि यहां इस मुल्क का हिंदू है जो खुद अपने ऊपर क्रिटिकल नजर डाल सकता है और खुद शर्मिन्दा हो रहा था । पर यहां बैठे हुए यहां कहा गया कि सेक्युलरिज्म इज इन पेरिल । मैं मानता हूं कि सेक्युलरिज्म को खतरा है ।.... **(समय की घंटी)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): You go on in your own way, Mr Sikander Bakht.

श्री प्रमोद महाजन : हम अभी तक खामोश रहे हैं । इनको जो बोलना है, बोलने दीजिए ।

श्री शंकर दयाल सिंह (बिहार): आप बोलते हैं, तो सुन भी लें ।

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ भीम अफजल : मैं यह पूछना चाहता हूं कि क्या सिकन्दर बख्त ने एक भी लफ्ज बिल पर बोला है ?... **(व्यवधान)**

شری سکندر بخت: میری گزارش یہ ہے کہ رام جنم بھومی بابری مسجد کے سوال کو کس نے اٹھایا۔ کس نے راشٹریہ وواد کو جنم دیا اس کا نام ہماری زبان پر کیوں نہیں آتا۔ یہ صرف بی۔ جے۔ پی۔ کا ذکر کس لئے۔

اس لئے میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ جس وقت ہم سیکولرزم کی بات کہتے ہیں تو میں بھی کہتا ہوں اور دعویٰ کرتا ہوں کہ بھارتیہ جنتا پارٹی کا بھی یقین سیکولرازم میں ہے۔ لیکن سیکولرازم کے ڈبل اسٹینڈرڈ نہیں ہو سکتے۔ سیکولرازم کے خلاف جس جگہ زہر نظر آئے۔ ہر جگہ میں زہر کی مخالفت کی آواز ہندوستان کا ہندو اور مسلمان مل کر اس آواز کو اٹھائے۔ یہ یکطرفہ ڈبل اسٹینڈرڈ رہنے کی بات نہیں ہے۔ صدر صاحب آج تمام پتروں کا رخ بھارتیہ جنتا پارٹی کی طرف کیوں ہے۔ کچھ ایسا ہو گیا کہ مس چیف سے شکایت نہیں ہے۔ مس چیف کے خلاف شکایت کرنے والوں کے خلاف شکایت ہے۔ میں احترام کے ساتھ جو مجھ سے پہلے تقریر ہوئی اس کا ذکر اور جیسے کہ میں نے کہا ہے مجھے تو یہ لطف آیا کہ یہاں اس ملک کا ہندو ہے جو خود اپنے اور اوپر کریٹیکل نظر ڈال سکتا ہے اور خود شرمندہ ہو رہا تھا۔ یہ یہاں بیٹھے ہوئے۔ یہاں کہا گیا کہ سیکولرازم از دی پیرل میں مانتا ہوں کہ سیکولرازم کو خطرہ ہے ..... "گھنٹی" .....

उपसभाध्यक्ष : (श्री भास्कर अन्नाजी मासोदकर) : सिकन्दर बख्त जी, आपका टाईम हो गया ।

श्री संघ प्रिय गौतम (उत्तर प्रदेश) महोदय, आप इनको हमारा टाईम भी दे दीजिए ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I will give you some time. Please continue.

श्री सिकन्दर बख्त : मैं यह कहना चाह रहा था । . . . (**व्यवधान**)

شری سکندر بخت: میں یہ کہنا چاہ رہا تھا ... "مداخلت" ....

श्री सिकन्दर बख्त : मैं खत्म कर रहा हूं । . . . (**व्यवधान**) मैं खत्म कर रहा हूं। ईसलिए यह बिल असल समस्या से न जूझ सकने की एक निहायत कमजोर कोशिश है । यह बिल फिरकेवाराना कशीदगियों को कम करने में नाकाम रही है । इसलिए मेरी सरकार से अपील यह होगी कि बचकाना खेलों में मशगूल होने के बजाय फिरकेवाराना कशीदगियों को कम करने की कोशिश में कोई बामानी बाजे कदम उठाइये और इन लोगों से बाखबर रहिए जो सियासी कंस्टीट्युएंसीज बनाने में हिन्दुस्तान के लोगों की तकसीम कायम रखने में . . . (**व्यवधान**)

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : (बिहार) ? यह नारा किसका है ? . . . . (**व्यवधान**)

श्री सिकन्दर बख्त : मैं यह अर्ज कर रहा हूं... **(व्यवधान)** यह सियासी कंस्टीट्यूएंसीज बनाने में एक वेस्टेड इन्टरेस्ट पैदा हो गया है, उसकी तरफ सरकार तवज्जह करे। जब हम अपने राष्ट्रीय ताने-बाने को हिन्दुस्तानी कद्रों और रिवायात के आधार पर मजबूत करने पर इत्तफाक करेंगे तो ये छोटे-मोटे मसायल अपने आप खत्म हो जायेंगे। इसलिए बजाय इस बिल के हम फैसला करें कि यह टकराव की राजनीति हर कीमत पर खत्म करें, राष्ट्रीय मिजाज को इन कद्रों पर तामीर करें जिनका ताल्लुक हिन्दुस्तान की संस्कृति और सभ्यता से हो। मैं इस बिल को बेमकसद और गैर जरूरी मानता हूं, एस्कोपिस्ट मानता हूं और यह कहना चाहता हूं कि इस बिल को वापस लिया जाए। यह भी अर्ज करना चाहता हूं कि आज बाबरी मस्जिद, राम जन्म भूमि के विवाद के बुनियाद मस्जिद को गिराने से कोई तालुक नहीं देखती है, यह विवाद केवल धार्मिक विवाद नहीं है, यह राम जन्म-भूमि, मंदिर के बनने का सवाल हिन्दुस्तानाम का एकता से जुड़ चुका हैं। हिन्दुस्तान राम मंदिर के बनने की तरफ जाएगा तो हिन्दुस्तान एक रहेगा और हिन्दुस्तान राम मंदिर बनने के रास्ते में रुकावट डालेगा तो हिन्दुस्तान को तक सीम के रास्ते पर ले जाने वाली ताकतों को ... **(व्यवधान)** इसलिए मैं यह कहना चाहता हूं कि राम मंदिर तो बनेगा। इसलिए सदर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि राम मंदिर बनेगा। राम मंदिर को बनाने से दुनिया की कोई ताकत रोक नहीं सकती। राम हिन्दुस्तान की सभ्यता का निशान है। राम हर हिन्दुस्तानी का नाम है। राम सिर्फ हिन्दू का नाम नहीं है। इसलिए राम मंदिर का बनना हिन्दुस्तान की सभ्यता और हिन्दुस्तान की संस्कृति का निशान बनेगा **(व्यवधान)** फिर दोहराता हूं, राम मंदिर बनेगा और अवश्य बनेगा। बहुत-बहुत शुक्रिया।

شری سکندر بخت: میں ختم کر رہا ہوں۔ "مداخلت"... میں ختم کر رہا ہوں، اس لئے یہ بل اصل مسائل سے نہ جوجھ سکنے کی ایک نہایت کمزور کوشش ہے۔ یہ بل فرقہ وارانہ کشیدگیوں کو کم کرنے میں ناکام رہی ہیں۔ اس لئے میری سرکار سے اپیل یہ ہوگی کہ بچکانہ کھیلوں میں مبتلا ہونے کے بجائے فرقہ وارانہ کشیدگیوں کو کم کرنے کی کوشش میں کوئی بامعنی قدم اٹھائیے۔ اور ان لوگوں سے باخبر رہیئے جو سیاسی کنسٹی ٹیونسیز بنانے میں ہندوستان کے لوگوں کی تقسیم قائم رکھنے میں... "مداخلت"...

شری سریندر جیت سنگھ اہلووالیہ: یہ نعرہ کس کا ہے... "مداخلت"...

شری سکندر بخت: میں یہ عرض کر رہا ہوں... "مداخلت"... یہ سیاسی کنسٹی ٹیونسیز بنانے میں ایک ویسٹیڈ انٹرسٹ پیدا

ہو گیا ہے۔ اس کی طرف سرکار توجہ کرے۔ جب ہم اپنے راشٹریہ تانے بانے کو ہندوستانی قدروں اور روایات کے آدھار پر مضبوط کرنے پر اتفاق کریں گے تو یہ چھوٹے چھوٹے مسائل اپنے آپ ختم ہو جائیں گے اس لئے بجائے اس بل کے ہم فیصلہ کریں کہ یہ ٹکراؤ کی راج نیتی ہر قیمت پر ختم کریں راشٹریہ مزاج کو ان قدروں پر تعمیر کریں جن کا تعلق ہندوستان کی سنسکرتی اور سبھیتا سے ہو۔ میں اس بل کو بے مقصد اور غیر ضروری مانتا ہوں۔ ایسکیپسٹ مانتا ہوں اور یہ کہنا چاہتا ہوں کہ اس بل کو واپس لیا جائے۔ یہ بھی عرض کرنا چاہتا ہوں کہ آج بابری مسجد رام جنم بھومی کے وواد کی بنیاد مسجد کو گرانے سے کوئی تعلق نہیں رکھتی ہے۔ یہ وواد کیول دھارمک وواد نہیں ہے۔ یہ رام جنم بھومی۔ رام مندر کے بننے کا سوال ہندوستان کی ایکتا سے جڑ چکا ہے۔ ہندوستان رام مندر کے بننے کی طرف جائے گا تو ہندوستان ایک رہے گا اور ہندوستان رام مندر بننے کے راستے میں رکاوٹ ڈالے گا تو ہندوستان کو تقسیم کے راستہ پر لے جانے والی طاقتوں کو ..... "مداخلت" .....

اس لئے میں کہنا چاہتا ہوں کہ رام مندر بنے گا۔ اس لئے محمد صاحب میں یہ کہنا چاہتا ہوں کہ رام مندر تو بنے گا۔ رام مندر کو بنانے سے دنیا کی کوئی طاقت روک نہیں سکتی۔ رام ہندوستان کی سبھیتا کا نشان ہے۔ رام ہر ہندوستانی کا نام ہے۔ رام صرف ہندوستانی کا نام نہیں ہے اس لئے رام مندر کا بننا ہندوستان کی سبھیتا اور ہندوستان کی سنسکرتی کا نشان بنے گا۔ ..... "مداخلت" ..... پھر دوہراتا ہوں رام مندر بنے گا اور اوشیہ بنے گا۔ بہت بہت شکریہ۔

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : यह सरे आम श देश के लिए, देश की जनता को देश के अवाम को और इस पार्लियामेंट को धमकी देकर इन्होंने तोड़ने की बात की है। इससे बड़ा * इससे बड़ा * और कोई नहीं हो सकता है।... **(व्यवधान)** इससे बड़ी गाली और क्या हो सकती है?... **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Please sit down.

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मैं इनसे पूछना चाहता हूं... **(व्यवधान)** हिन्दुस्तान राम मंदिर की तरफ जाएगा, कोई इससे इंकार नहीं कर रहा है, लेकिन सिकन्दर बख्त साहब खड़े हो कर इतना और बता दें कि राम मंदिर की तरफ जब हिन्दुस्तान जाएगा तो मस्जिद टूटेगी या नहीं टटेगी? मस्जिद टूटेगी या नहीं टूटेगी सिकन्दरबख्त साहब इसका एलाम खड़े

*Expunged as ordered by the Chair.

होकर कर दें । आप * हैं । आप यह एलान कीजिए कि मस्जिद तोड़कर मंदिर बनाओगे या नहीं बनाओगे ?

श्री सिकन्दर बख्त : सदर साहब, मैं यह कहना चाहता हूं कि मेरी संस्था के नाम पर, किसी एक आदमी के नाम पर मस्जिद को तोड़ने का शब्द आया ही नहीं है । ये लोग जबदस्ती इसको जोड़ रहे हैं । इनको शर्म आनी चाहिए ।

श्री मोहम्मद उर्फ मीम अफजल : ये बाहर कुछ कहते हैं और अंदर कुछ कहते है, डबल चेहरा रखते हैं ।

श्रीमती सुषमा स्वराज : उपसभाध्यक्ष महोदय, मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है । . . . **(व्यवधान)**

श्री प्रमोद महाजन : मंदिर बनने के बाद आप दर्शन को आइए, फिर आपको कोई चिंता नहीं रहेगी । . . . **(व्यवधान)**

श्री मोहम्मद अफजल उर्फ मीम अफजल : मुझे एक बात पूछनी है, मस्जिद तोड़कर मंदिर बनाएंगे या नहीं बनाएंगे ?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Gurupadaswamy, are you some point of order? ... (*Interruptions*) ... I must remind the House that every Member is entitled to his own views however much one may dislike it. Let us not show intolerance and let us not show that we do not hear the views of other Members. Let us not do that.

SHRI M. S. GURUPADASWAMY (Uttar Pradesh): Sir, I have got great respect *for* ..(*Interruptions*)...

श्रीमती सुषमा स्वराज : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है ।

श्री चतुरानन मिश्र : हम लोगों का टाइम तो पॉइंट ऑफ आर्डर में ही चला जाएगा ।

!*Expunged as ordered by the Chair.*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Whenever there is disorder, this happens* |||(*Interruptions*) . . .

श्री चतुरानन मिश्र : छोटी-छोटी बातें पाइंट ऑफ आर्डर में उठायी जाती हैं ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Sir, I have got great respect for my friend, Shri Sikander Bakht . . . (*Interruptions*) . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): *But that cannot be ordered** . . . (*Interruptions*) . . .

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: But, Sir, he expressed himself in the last in a way which disturbed me. The concluding remarks that he made disturbed me. This is the kind of attitude which divides the nation. He was pleading for the unity of the nation . . . (*Interruptions*) . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): What is the point of order?

SHRI PRAMOD MAHAJAN: Sir, what is the point of order? He cannot comment on the speech of another Member. Under what rule he is speaking? . . . (*Interruptions*) . . .

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Mahajan, please sit down. I am seized of the matter and I will look into it . . . (*Interruptions*) . . .

SHRI PRAMOD MAHAJAN: But he is going on making a speech. How can you allow this? He is commenting on someone else's speech . . . (*Interruptions*) . . . Sir, we heard with rapt attention whatever Mr. Raj Moman Gandhi said, what Mrs. Sarala Maheswari said, whatever Mr. Salve said, and whatever Mr. Pande said. We did not interrupt even a single time. . . (*Interruptions*) . . .

क्या हमको पूछने के लिए सवाल नहीं थे ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : सरकार को धमकी देते हैं देश को तक़सीम करने की ।

श्री प्रमोद महाजन : देश को जिन्होंने तक़सीम किया वह उधर बैठे हैं । तक़सीम खुद कर रहे हो और दूसरों को कह रहे हो ।

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: Sir, I have got great respect for my friend Shri Sikandar Bakht ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): But what is your point of order?

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: To say that at any cost the Ram Temple will be built is highly objectionable ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): What is the point of order in this? ... (*Interruptions*) ...

SHRI M. S. GURUPADASWAMY: It is not in tune with the spirit in which we are debating this issue. That is all that I would like to say.. ... (*Interruptions*) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): There is no point of order ... (*Interruptions*) ...

श्रीमती सुषमा स्वराज : महोदय, मेरा एक मिनिट का पाइंट आफ आर्डर है कि जो कुछ बात सदन में कही जाए किसी वक्ता के द्वारा उसमें से कोई बात असंवैधानिक या असंसदीय हो तो उस पर प्रतिक्रिया जाहिर करना वाजिब है और नियमानुकूल है, लेकिन जो बात कही ही न जाए, जिस शब्द का उल्लेख ही न हो, केवल कल्पना कर के अंदाजे से उस पर प्रतिक्रिया जाहिर करना बहुत नाजायज है। सिकंदर बख्त जी ने भूमिका में, अपने पूरे भाषण के बीच में या उपसंहार में एक बार भी बाबरी मस्जिद को तोड़ने का जिक्र नहीं किया, उसके बावजूद भी सभी दलों की तरफ से खड़े होकर प्रतिक्रिया जाहिर करना बहुत नावाजिब था । उन्होंने एक बार भी यह बात नहीं कही, इसलिए जो बात नहीं कही, जो शब्द नहीं कहा वह शब्द उनके मुंह में डालकर पूरे सदन का माहौल खराब करने की कोशिश की जा रही है जोकि ठीक नहीं है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MADOSKAR): There is point of order in this Mrs. Swaraj, there is no point of order.

श्री दयानन्द सहाय (बिहार): श्री सिकन्दर बख्त इस हाऊस में हैं, उनके बिहाफ पर दूसरे क्यों बोल रहे हैं ? हर आदमी उनकी सफाई दे रहा है ।... (**व्यवधान**) ...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I need not explain to you what the position is.

डॉ० अबरार अहमद (राजस्थान) : मेरा एक प्वाइंट आफ आर्डर है ।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): What is the point of order

डॉ० अबरार अहमद : प्वाइंट आफ आर्डर यह है कि...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I do not find any point of order. You are just prefacing it.

डा० अबरार अहमद : जिस बात पर यह चर्चा चल पड़ी, वह मस्जिद तोड़ने की बात नहीं है । सिकन्दर बख्त जी ने सीधी-सीधी एक बात कही कि अगर मंदिर नहीं बना तो यह देश तक़सीम हो जाएगा, देश को तोड़ने वाली बात कही और यह एक बहुत बड़ी धमकी है कि इस सदन के अंदर, जहां संविधान की शपथ लेकर हम

[डा० अबरार अहमद]

बैठते हैं वहां यह कहें कि अगर यह नहीं हुआ तो देश टूट जाएगा । यह बहुत ही सीरियस बात है ।... (**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): I have already expressed. (*Interruptions*) please. The position is that every Member is entitled to his view. I again repeat that we must be tolerant enough to understand the viewpoints of other Members. It is possible that we may not agree, we may violently disagree with it. Yet to debate is the function of this House. And I would request the Members not to raise unnecessarily points of order.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE (Maharashtra): Thank you, Mr. Vice-Chairman, Sir. This is the most important Bill that we are discussing since the framing of the Constitution. Freedom of conscience and freedom of religion along with freedom of speech and freedom of expression form an integral part of the constitution of India. And I compare the debate today to the same debate which took place in the Constituent Assembly when Articles 25 to 30 were debated and passed and became a part of the sacred document, that is the Constitution of India. Now, I welcome this Bill wholeheartedly. But this Bill also gives us an opportunity to deal with a very serious debate which is going on in the country, particularly raised by the BJP and its leaders and its more fundamental associates like the VHP about Hindu nationalism. And I consider it my solemn duty to deal with this aspect of Hindu nationalism which is now being raised by the Bharatiya Janata Party... (Interruptions). Most of them have left. (Interruptions). I will quote Advaniji. (Interruptions)

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: How can he quote a person who is not a Member of this House? How can he quote? (Interruptions)

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: Sir, India is a land of ancient civilizations. Our homeland is the birthplace of three major religions—Jainism, Buddhism. and Hinduism. She is also the home to many other religions and communities such as Muslims, Sikhs, Christians, Jews, Parsis, etc. And it must be remembered that through not only centuries but even thousands of years, we have lived in a society, the hallmark of which has been tolerance. And tolerance in Hinduism particularly has always been considered as the most essential doctrine "a way of life". I want to state in brief the difference between the Hindu religion and other religions. There are mainly three differences. Firstly, in Hindu religion, there is no baptisation. Secondly, in Hindu religion, there is no conversion at all. And history bears testimony that there have been no aggressive wars waged by the Hindus. Lastly, it is not a congressional religion at all. You don't find Hindus gathering in a Church on Sunday morning as Christians do. You don't find people joining prayers in congregation. When I dealt with this subject for a particular case. I found that there is nothing required to become a Hindu and what is needed is that one stands up and proclaims that he is a Hindu. That is why more than religion, Hinduism is considered as a way of life.

श्री अश्विनी कुमार (बिहार) : जो परिभाषा अभी आपने दी है, जो इस्लाम की परिभाषा है, जो क्रिश्चनिटी की परिभाषा है, जो जैनिज्म की परिभाषा है और जो हिन्दूइज्म की परिभाषा दी है, क्या उस परिभाषा के अनुसार हिन्दू को आप उसी प्रकारर का धर्म मान सकते हैं जिस प्रकार उनको मानते हैं ? मेरा नम्र निवेदन है कि वह सब एक मसीहा को लेकर चले हुये, पूजा पद्धतियां हैं, पंथ हैं और उनका हिन्दूज्म जो धर्म जिसको आप कह रहे हैं, उससे कोई नाता रिश्ता नही है । उस प्रकार हिन्दू धर्म ही नहीं है, यह उससे बहुत बड़ा व्यापक है... (**व्यवधान**) जो अंतिम शब्द है

जिसको धर्म कहते हैं, आप भी हम भी यकीन भी कर रहे हैं । इस पर जरा विचार कीजिए । आप उसकी परिभाषा नहीं दे पा रहे हैं । परिभाषा राष्ट्रीयता की है।

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: You are only agreeing with what I said at the last that more than a religion Hinduism is considered as a way of life.

श्री अश्विनी कुमार : . . . (**व्यवधान**) वह रिलिजन मत कहिये . . . (**व्यवधान**) मैं अंग्रेजी का इतना बड़ा ज्ञाता नहीं हूं। जिस प्रकार से इस्लाम धर्म है, यहां क्रिश्चियन धर्म है. . . (**व्यवधान**) मैं उसे सीखना चाहता हूं । बड़े विद्वान हैं । मेरा इतना ही निवेदन है कि उसी परिधि में अगर आप बराबर में रखेंगे, तो सारी मिस-कंसेप्शन की जड़ यह है कि जो इस्लाम धर्म है, जैन धर्म है, क्रिश्चियन धर्म है, हिन्दू भी वैसा ही धर्म है । यह सबसे बड़ी कंसेप्शन है. . . (**व्यवधान**)

SHRI RAJ MOHAN GANDHI: After the passionate advocacy from this side that speakers should not be interrupted. I am very surprised at these long interruptions.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Mr. Bhandare, you need not yield. You address the Chair.

SHRI MURLIDHAR CHANDRAKANT BHANDARE: Sir, I quote Radhakrishnan. As he has put it:

> "The Indians never felt that the world was a field of battle, where men struggled for power, wealth and domination. On the other hand, one finds from the begining of history an impatience of spirt, a love of wisdom and a passion for the saner pursuits of the mind in India. Therefore, India has, by virtue of its cultural values and philosophic traditions, escaped the doom of hatred of religion."

That is our heritage. I again quote what has been said by Swami Vivekananda:

> "Idolatry in India is the attempt of undeveloped minds to grasp high spiritual truths. The Hindus have their faults, but mark this, they are always for punishing their own bodies and never for cutting the throats of their neighbours. If the Hindu fanatic burns himself on the pyre, he does not light the fire of inquisition. And even this weakness of his cannot be laid at the door of religion any more than the burning of witches can be laid at the door of Christianity."

In fact, harmony of all religions and the need to practise universal brotherhood have been the hallmark of Indian civilization. Therefore, you find no other country today which can boast of so many religions, so many languages and so many different ethnic groups staying together in such harmony. Again to quote Gandhiji:

4.00 P.M.

> "Hinduism tells everyone to worship God according to his own faith or Dharma. and so, it lives at peace with all religions."

And if I may go back to Hitopadesha, it says that Hindu religion is like a tree which continues to give shade to a man who comes to cut that tree. If that is the concept of the true Hindu nationalism which has permeated and which has preserved the great Indian nation and the Indian society, I think any effort by any section, or more so by a political party, is really not going to succeed. The words of Ramakrishna Paramhansa also come to my mind when he says:

> "I have practised all the religions—Hindu, Islam, Christianity and I have also followed different ways of sects of Hinduism. I found that all religions march towards same God."

Therefore, universality of God has been the basic tenet which has been

[Shri Murlidhar Chandrakant Bhandare]

the proud heritage of India. And again to quote from the famous address of Vivekanandaji in the Chicago conference for which he got standing ovation:

> "I am proud to belong to a religion which has taught the world both tolerance and universal acceptance. I belong to a religion into whose sacred language, Sanskrit, the word exclusion is untranslatable. I am proud to belong to a nation which has sheltered the persecuted and the refugees of all religions and all nations of the earth. We have gathered in our bosom the purest remnant of the Israelites. a remnant which came to Southern India and took refuge with us in the very year in which their holy temple was shattered to pieces by Roman tyranny. I belong to the religion which has sheltered and is still fostering the remnants of the ground Zoroastrian nation."

Zoroastrian religion has languished in its birthplace Iran; but it is still very active in India. And, therefore, Vivekananda ended by saying:

> "I accept all the religions that have existed in the past and join all for worshipping God. I worship God together with each of them, that they be form of worship. I will go to mosque of Mohammadans, I will penetrate Church of Christ and prostrate before crucified. I will enter sacred temple of Buddha and seek refuge. I will go to forests to join Hindus who meditated, seeking to see light; which burns in each of our hearts. Not only will I do that. I will keep my heart open to all that may come."

Now I do not have to go on quoting the valiant heritage but let me quote from what Shri Radhakrishnan said: "We are a multi-religious State and therefore we have to be impartial and give uniform treatment to different religions. That is the basic philosophy which entered our Constitution We enacted articles 25, 26, 27, 28, 29, 30, and it is, indeed, a matter of pride that while we gave a free and open society, it could be done only because it was also a tolerant society and the tolerance came from our spiritual heritage. It came from our cultural moorings; it came from our very ancient and very proud civilisation. not only one civilisation but a mixture of several civilisations.

At this stage, I must congratulate the Government for bringing this Bill without any delay. This not only fulfils a promise which is made in the manifesto, it is not only a fulfilment of what has been stated in the Presidential Address, but I think it is, in a small measure, a very small and humble but a very fitting tribute to the memory of my leader late Rajivji because the manifesto was drafted by him. And I remember when he asked me: 'What do you think is the best thing in the manifesto?' I said the manifesto is good but the best thing I like is this part. namely, that you have made the promise of this bill on religious shrines unity, integrity, democracy, free and open society, secular society; these are all non-negotiable. Fundamentalism in every hue in every religion will be vanquished and our eternal spiritual values embodying the all-pervasive value *'Sarva L Dharma Samabhav'* will always continue to permeate every section of the society. I come from Bombay and I lived in Dadar where I did my schooling. There is a place called Portugese church, where more than half a million people belonging to different religions pass through every day. In that place, we have got a Hanuman temple; we have got a mosque; and we have got a church, all existing within a small radious of 10 yards. And, there has been no disturbance of communal peace, whatsoever. Two weeks back, I was in Spain and I found that there were many mosques which have now been converted to cathedrals. I have seen in Turkey where a mosque is partly a mosque

and partly a cathedral. I think, the time has come for us to look at these places and to have all these things together. We should exclude this negative tolerance and this negative value. According to me, our culture, our civilisation and our heritage talks of a more positive value, and that is the value of respect, equal respect for all religions *Sarva Dharma Samabhav'*. I am quite sure that this kind of a thinking that construction of a temple at one particular place will save the religion is wrong. It is neither a religious feeling, nor does it fit in with the real devotion to the deity to whom we are offering this. I feel that our life proceeds on forgetting the past. We cannot correct every wrong that has happened in history and I don't think it is either possible to correct every wrong in history. I will take this opportunity to appeal to the BJP and to the Babri Masjid Action Committee to see that we live in a land where we live as one. Whatever may be the position elsewhere, where we may find acute fundamentalism and acute obscurantism. That has to be strongly opposed. I am quite sure that this fundamentalism has no place in our society. I heard with great attention what my esteemed friend and hon. Member, Shri Sikander Bakht, said. For the first time. I found that neither his heart nor his head was there in opposing the Bill. He did it for the sake of formality. He called the Bill unimaginative. But I found that his whole speech was not only unimaginative, but it was also devoid of any substantial arguments. He finds that the Bill is silent. Yes, it is silent because it is otherwise so eloquent. It instantly arouses in us the great past, the great present and even the greater future that is before our country. I think, he had something to say about the 15th August, 1947 as an arbitrary date. I can't understand what can be arbitrary. Is the dawn of Independence in our country arbitrary, or is it that which has really brought sunshine into the hearts of millions of our citizens? I only found him at pains to oppose the Bill. I think, the Bill expresses only a will. More lies with us, as the leaders of our society. With us, the spokesman of our people. There are millions of problems. Stark poverty. Hunger. Unemployment Economic advancement. There are far more important subjects to be tackled. I hope, in the coming years, greater sense will prevail and people will give up this path of hatred, this path of fundamentalism, which may, temporarily. bring about an aberration into an otherwise peaceful and harmonious society, which has been the boast of India.

I do hope, by passing this Bill, not only we will be strengthening secularism, but in times to come, in the years to come, we will also be able to improve the climate and we will see that this last-ditch battle which the forces of fundamentalism and obscurantism are waging is lost, we succeed, and go on to preserve our proud and peaceful heritage, in religious, social and every other sphere. Thank you.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): Shri Satya Prakash Malaviya. We have to be conscious of the time also because, as per the schedule, by 5.30 P.M. we should be finishing this debate.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: What is the allocation of time for me?

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): About ten minutes.

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: I think it is more than ten minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHASKAR ANNAJI MASODKAR): It is given here as eleven minutes. I have lost one minute.

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : माननीय उपसभाध्यक्ष जी, संसद के संयुक्त अधिवेशन में 11 जुलाई को राष्ट्रपति जी ने अपने अभिभाषण में इस बात को कहा था :

> "धर्म-स्थलों की पवित्रता को समुचित सम्मान दिया जाना चाहिए। हम साम्प्रदायिक तत्वों को कोई विवाद उत्पन्न करने और फूट डालने के लिए धर्म-स्थलों का उपयोग करके उनकी पवित्रता को नष्ट करने की अनुमति नहीं दे सकते। सरकार राम जन्म-भूमि-बाबरी मस्जिद विवाद को दोनों समुदायों की भावनाओं का समुचित आदर करते हुए बातचीत द्वारा हल करने के लिए हर संभव प्रयास करेगी। अन्य सभी धर्म-स्थलों के संबंध में कोई नया विवाद उत्पन्न न होने देने की दृष्टि से 15 अगस्त, 1947 की स्थिति बनाए रखने के लिए एक विधेयक पेश किया जायेगा।'

राष्ट्रपति जी ने जो अपना अभिभाषण दिया था उसके अनुरूप यह विधेयक लाया गया है। इस विधेयक में इस बात का प्रावधान किया गया है कि यह पूर्व से प्रभावी होगा। यह अधिनियम बनने के बाद 21 जुलाई, 1991 से लागू माना जायेगा। मैं इस विधेयक का स्वागत करने के लिए खड़ा हुआ हूं।

हमारे देश में जो साम्प्रदायिक तत्व थे, किसी भी धर्म के रहे हों, किसी भी मजहब के रहे हों, उन्होंने देश का बटवारा कराया। बटवारे के बाद हालत यह है, सर मोहम्मद इकबाल, जो बाद में पाकिस्तान के समर्थक हो गये, के शब्दों में यह है :

> मजहब नहीं सिखाता आपस में बैर रखना,
>
> हिन्दी हैं हम वतन हिन्दोस्तां हमारा।
>
> सारे जहां से अच्छा हिन्दोस्तां हमारा।

श्री चतुरानन मिश्र : इसको बदल दिया जाए। यह रखा जाए कि मजहब नहीं सिखाता आपस में मेल रखना...

श्री सत्य प्रकाश मालवीय : यह मुल्क जो पहले दो हिस्सों में बंट चुका था अब वह तीन हिस्सों में बंट गया—भारत, पाकिस्तान और बंगलादेश। यह देखने की बात है कि हमारे राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को बड़े बेमन से बटवारा स्वीकार करना पड़ा। उन्होंने कहा था कि मेरे शव पर ही भारत का बटवारा होगा। गोस्वामी तुलसीदास से कम राष्ट्रपिता महात्मा गांधी भी राम के भक्त नहीं थे। जिस दिन उनकी हत्या हुई उनके आखिरी शब्द जो उनके मुख से निकले थे वे थे—हे राम। जिस प्रार्थना सभा में उनकी हत्या हुई उस प्रार्थना सभा में कहा करते थे :

> रघुपति राघव राजा राम,
>
> पतित पावन सीता राम।
>
> ईश्वर अल्ला तेरे नाम,
>
> सब को सन्मति दे भगवान।

इसलिए मैं कहना चाहता हूं कि ईश्वर के नाम पर, भगवान के नाम पर, राम के नाम पर हम कम से कम इस देश को एक बार फिर बांटने का अपराध न करें। एक बार फिर इस बटवारे के हम भागी न बनें। इस पृष्ठभूमि में इस विधेयक को हमें देखना चाहिए।

आज इस देश में गरीबी है, इस देश में पिछड़ापन है, इस देश में निरक्षरता है, इस देश में सामाजिक कुरीतियां हैं। बहुत बड़े-बड़े ऐसे विषय हमारे लिये हैं जिनका समाधान हम सब एकजुट हो कर कर सकते हैं। लेकिन आज वह संभव नहीं हो पा रहा है। धर्म का इस्तेमाल कुछ लोग या कुछ संगठन राजनीति के लिए कर रहे हैं, धर्म के नाम पर वोट मांगने का काम कर रहे हैं। मेरा तो सरकार से आग्रह है कि निकट भविष्य में ऐसे भी विधेयक लाना जाना चाहिए जिसमें धर्म के नाम पर हम राजनीति का इस्तेमाल न करें। धर्म के नाम पर हम राजनीतिक स्वार्थों की पूर्ति न होने दें। आज इस देश में क्या हो रहा है। पंजाब की समस्या है, आसाम की समस्या है और जम्मू-कश्मीर की समस्या है और दूसरे प्रदेश भी समस्याग्रस्त हैं। लेकिन

यह एक नया विवाद खड़ा कर दिया गया है और इसलिए मैं चाहूंगा, खास तौर पर अपने भारतीय जनता पार्टी के मित्रों से आग्रह करना चाहता हूं कि अच्छा है कि वे अपने विचार पर, अपनी राय पर, पुनर्विचार करें ।

जहां तक बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि का प्रश्न है, उसके संबंध में तीन बातें रखी गई हैं । 1986 से यह विवाद शुरू हुआ है । 1949 में यह था, उसमें मैं नहीं जाना चाहता हूं । गोस्वामी तुलसीदास के अनुसार बीती ताहि बिसार दे, आगे की सुध ले । हमारे देश का संविधान धर्म निरपेक्ष है । हमारे यहां कानून का राज्य है । बाबरी मस्जिद राम जन्म भूमि की समस्या का समाधान भी बैठकर आपस में बातचीत के जरिये हो सकता है और अगर आपसी बातचीत के जरिये नहीं हो सकता है तो न्यायालय खुला हुआ है । हम न्यायालय के आदेश को क्यों नहीं मानते हैं? मैं श्री अटल बिहारी वाजपेयी के उस वक्तव्य का स्वागत करता हूं जिसको मैंने समाचार-पत्रों में पढ़ा है और जिसमें उन्होंने यह कहा है कि संविधान के अनुच्छेद 143 के अन्तर्गत इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय के पास रेफर कर देना चाहिए । लेकिन मुझे दुख है कि आज भी यह कहा जा रहा है कि हर सूरत में वहां मंदिर बना कर रहेंगे । जब मामला न्यायालय में विवादित पड़ा हुआ है और लखनऊ में विवादित पड़ा हुआ है तो क्या हम कानून के राज्य में विश्वास नहीं करते हैं? क्या हमको न्यायालय पर विश्वास नहीं है ? हमको न्यायालय का आदर करना चाहिए और इस समस्या का समाधान आपसी बातचीत के जरिये अगर नहीं होता है तो न्यायालय पर छोड़ देना चाहिए । इसलिए मेरा सुझाव है कि जहां तक विधेयक लाया गया है वहीं दूसरी ओर बाबरी मस्जिद-राम जन्म भूमि समस्या का समाधान करने के लिए हमको फिर एक बार बैठकर प्रयास करना चाहिए । 1986 के बाद दुबारा जब यह समस्या आई और जब मंदिर का ताला मजिस्ट्रेट की अदालत के आदेश से खोल दिया गया तो तब से अब तक कितने दंगे इस देश में हुए; कितने ही बेगुनाह लोगों की जानें गईं और उसके बाद से कितनी साम्प्रदायिक मनोवृत्ति में वृद्धि हुई, इस ओर भी हमको ध्यान देना चाहिए । मैं इस संबंध में सरदार पटेल का एक पत्र पढ़ना चाहूंगा जो उन्होंने 1950 में एक बार जब वे लखनऊ गये थे तो उस समय मंदिर को लेकर 1949 से विवाद चल रहा था उस समय सरदार पटेल ने श्री गोविन्द बल्लभ पंत जी को 9 जनवरी, 1950 को एक चिट्ठी लिखी थी । उसमें लिखा था--

"My dear Panditji, the Prime Minister has already sent to you a telegram expressing his concern over the developments n Ayodhya." Then he says:

"In your own province, the communal problem has always been a difficult one."

यह मामला 1950 में चल रहा था । कृष्ण जन्म भूमि, राम जन्म भूमि और वाराणसी का काशी विश्वनाथ का मंदिर सब उत्तर प्रदेश में हैं । पटेल साहब ने आगे कहा है-

"On all these grounds, therefore, I feel that the issue is one which should be resolved amicably in a spirit of mutual toleration and goodwill between the two communities. I realise there is a great deal of sentiment behind the move which has taken place. At the same time, such matters can only be resolved peacefully if we take the willing consent of the Muslim community with us. There can be no question of resolving such disputes by force. In that case, the forces of law and order will have to maintain peace at all costs. If, therefore, peaceful and persuasive methods are to be followed, any unilateral action based on an attitude of aggression or coercion cannot be countenanced. I am therefore quite convinced that the matter should not be made

[सत्य प्रकाश मालवीय]

such a live issue and that the present inopportune controversies should be resolved by peaceful (methods) and accomplished facts should not be allowed to stand in the way of an amicable settlement."

और पंत जी ने जवाब दिया, 13 जनवरी, 1950 को तीन लाइनों का कि :

"I have to thank you for your letter about the Ayodhya affair. It will be of great help to us here. *Efforts to set matters right in a peacemul manner are still continuing.*"

यहां पर इसकी मैं चर्चा नहीं करना चाहता कि कौन सा दीवान वहां मौजूद था जिसने दिसंबर 1950 को रपट लिखाई । लेकिन सरदार वल्लभ भाई पटेल ने जो अपना सुझाव दिया और गोविन्द वल्लभ पंत ने जो उसका उत्तर दिया, वह आज भी उतना ही महत्वपूर्ण है जितना कि उस समय था । इसलिये मैं इस विधेयक का समर्थन करता हूं और एक बात की ओर आपका ध्यान आकर्षित करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं । महोदय, हमारे मुल्क का बंटवारा हुआ । मैंने सर मुहम्मद इकबाल का नाम लिया और मुहम्मद अली जिन्ना का नाम भी लेना चाहता हूं क्योंकि वे कांग्रेस, आई० एन० सी० के मेंबर मैं । लेकिन जब रालेट ऐक्ट लगा, उस समय वे इम्पीरियल लेजिस्लेटिव कौंसिल में थे और सरदार वल्लभ भाई पटेल के बड़े भाई विट्ठलभाई पटेल भी उस समय सेंट्रल कौंसिल के मेंबर हुआ करते थे, लेकिन रालेट ऐक्ट के विरोध में मुहम्मद अली जिन्ना ने इम्पीरियल कौंसिल से इस्तीफा दे दिया । उन्हीं मुहम्मद अली जिन्ना को बाद में बंटवारे का समर्थक होना पड़ा, मुहम्मद इकबाल को बंटवारे का समर्थक होना पड़ा । इस प्रश्न पर हमको आज फिर विचार करना चाहिये और उन बातों को नहीं दोहराना चाहिये। हम एक देश के वासी हैं, हिन्दू-मुस्लिम-सिख-ईसाई हम सब आपस में हैं भाई-भाई । इसलिये जो हमारे देश की भूमि है वह अखंड रहे, भाई चारे का आपस में व्यवहार रहे, आपस में सद्भाव रहे और महात्मा गांधी ने जो हमें सत्य और अहिंसा का सिद्धांत दिया है या जवाहर लाल नेहरू के समय में जीयो और जीने दो का जो नारा था, उस पर चलकर ही हमें भारत मां की रक्षा करनी चाहिये । इन शब्दों के साथ मैं इस बिल का पूरा समर्थन करता हूं ।

DR. NAGEN SAIKIA (Assam): Mr. Vice-Chairman, Sir, this measure taken by the present Government to make the necessary law to keep the religious places of worship away from politics, is a very good one. Therefore, I take my stand here to support the Bill.

In India, Sir, we talk of secularism and national integration. But, in practice, our secularism remains unheard of till there is a threat to our unity. Our sense of national integration also remains unheard of till there is a threat to our own unity.

Sir, places of worship should be preserved only for the purpose for which these places are meant. Politics, specially communal politics should not be allowed to enter into these places, and the Government should take all necessary steps to stop such entry.

No religion in the world teaches communalism or intolerance. But it is the saddest part of the whole affair that religions have been compelled to teach intolerance and communalism in the country. Actually the religious institutions in this way have been changed to irreligious institutions. The issue of the Ram Janambhoomi-Babri Masjid is an example which can be cited here.

I would like to suggest to hand over this Ram Janambhoomi-Babri Masjid building to the Archaeological Survey of India when the court disposes of

this case. I think only by that way we shall be able to find a solution of this problem.

With these words, I would like to support the Bill.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं उपासना स्थल (विशेष उपबन्ध) विधेयक, 1991 का समर्थन करने के लिए खड़ा हुआ हूं। हमारे पूर्व वक्ताओं ने जैसे अपने वक्तव्य सदन के सामने रखे कुछ विरोधियों ने तो सारी परंपराओं को तोड़ कर गणतान्त्रिक अधिकारों के इस मन्दिर के समक्ष और संसद सदस्यों के समक्ष इस देश को विभाजित करने की धमकी दे डाली।

[उपसभाध्यक्ष डा० नगेन सैकिया) पीठासीन हुए]

उपसभाध्यक्ष महोदय, धर्म के बारे में आज जो नारा लगाया जा रहा है मैं सिर्फ इन धर्म के ठेकेदारों से इतना ही पूछना चाहता हूं कि आखिर पांच हजार साल पहले भी भगवान कृष्ण ने किन धर्म विरोधियों के खिलाफ खड़े हो कर धर्म की रक्षा की, आखिर वह कौन सी ताकतें थीं, उस टाइम तो कोई मुस्लिम नहीं थे, कोई बाबर नहीं था, कोई अहमदशाह अब्दाली नहीं था, कोई औरंगजेब नहीं था पर उस वक्त भी भगवान कृष्ण ने अर्जुन को कहा था कि धर्म की रक्षा करने के लिए किस तरह खड़े होना है और युग युग में किस तरह धर्म की रक्षा करने के लिए लोग आएं। वह धर्म कौन सा था? आज जिस धर्म की बात की जा रही है, वह धर्म कौन सा है? जिस तरह से पांच हजार साल पहले "यदायदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत" उसी तरह से पांच सौ साल पहले गुरु गोबिन्द सिंह के सामने भी एक ऐसा ही मौका आया था जिस वक्त उन्होंने कहा था—

हम एह काज जगत में आए...

यह गुरु गोबिन्द सिंह जी कह रहे हैं कि किस तरह से मैंने तपस्या की और किस तरह से हुक्म आ कि तुम अपने कर्त्तव्यों का पालन करने के लिए इस कलयुग में जन्म लो। मुझे नहीं पता कि विश्व हिन्दू परिषद् ने या भारतीय जनता पार्टी ने या हिन्दू महासभा ने या यह जो संस्थाएं चल रही हैं इन्होंने तपस्या कहां की और इन्होंने कौन सी तपस्या की और किस मकसद के लिए की। अगर मकसद इतना ही था तो तपस्या करते हेमकुंड पर्वत पर जा कर, तपस्या करते मान सरोवर पर जा कर, तपस्या करते कैलाश पर्वत पर जा कर, तपस्या करते बद्री केदार नाथ पर जा कर। वहां तपस्या तो इन्होंने नहीं की **(व्यवधान)**

श्री संघ प्रिय गौतम : लोकसभा और राज्य सभा क्या खाली छोड़ देते?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : यह मेरी बात नहीं है यह बी०जे०पी० के ही सदस्य कह रहे हैं कि लोक सभा और राज्य सभा छूट जाती। तभी तो इन्होंने नारा लगाया कि जो राम के हित में काम करेगा, वही देश पर राज करेगा। **(व्यवधान)**

श्री संघ प्रिय गौतम : बी०जे०पी० ने नहीं लगाया। **(व्यवधान)**

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : बी०जे०पी० ने नहीं लगाया यह तो मालूम है। जिस तरह से एक * को पता होता है कि सेल टैक्स की चोरी कैसे की जाती है बी०जे०पी० को पता है कि रिप्रेजेंटेशन आफ पीपल्ज एक्ट से कैसे बचा जा सकता है। **(व्यवधान)**

DR. JINENDRA KUMAR JAIN (Madhya Pradesh): I am on a point of order. He is giving a name to a community of India. I take objection to that. I want it to be expunged from the record. He says:*

*को पता है कि सेल टैक्स की चोरी से कैसे बचा जा सकता है।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): I shall go through the record. If any objectionable word is there to a community, I will expunge it.

*Expunged as ordered by the Chair.

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन : जरा तमीज से बात करिए ।

श्री राम नरेश यादव : बहुत ही आब्जक्शनेबुल बात है । आपने कहा "तमीज से बात करिये" मेरा आपसे निवेदन है कि इसको एक्सपंज किया जाए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : उनसे कैसे पेश आना है मुझे मालूम है । आप घबराइये मत । यादव जी । डा० जैन से कैसे पेश आना है मुझे मालूम है ।

डा० जिनेन्द्र कुमार जैन : मुझे भी मालुम है आपसे कैसे पेश आना है । मैंने बहुत लोग देखे हैं ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया: ये * जो अभी कह रहे थे तमीज, इन्होंने नारे लगाये "प्रिय न राम वैदेही, ताको वोट कदापि न देही" ।

श्री चतुरन मिश्र : इन्होंने कहा * इसके बाद उन्होंने कहा *

I want the word* to be romoved and *tamiz* to be brought.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : पहले कमीज तो पहन लें सफारी उतारकर (**व्यवधान**)

कुमारी सरोज खापर्डे (महाराष्ट्र) : जहां तक हम लोगों ने सुना है इन्होंने * जो शब्द प्रयोग किया है किसी व्यक्ति विशेष के बारे में नहीं किया है । उन्होंने यह कहा कि * । किसी व्यक्ति विशेष को नहीं कहा । तो आप क्यों बेकार में इस चीज को उठाते हैं . . . (**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): I would request the hon. Members not to invite disturbances or interruptions because we have to complete the business before 5.30 P.M.

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : सारी दुनिया में दो चीजें बहुत कड़वी हैं । एक तो मलेरिया की दवा क्लोरोक्वीन, जिसको कुनेन कहते हैं और दूसरी है सच्चाई ।

श्री संघ प्रिया गौतम : करेला भी तो होता है ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : एक तो करेला ऊपर से नीम चढ़ा ।

हनुमान चालीसा तो पढ़ी थी, रामायण भी पढ़ी थी, महाभारत भी पढ़ी थी, सूरदास तुलसीदास और कबीरदास के दोहे भी पढ़े थे ।

एक माननीय सदस्य : समझ में भी आये ?

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : आप ही को तो समझा रहा हूं जिनको समझ में नहीं आया, कि जिन्होंने इन दोहों का, धार्मिक दोहों का, संत महात्माओं के दोहों का किस तरह से दुरुप्योग किया और लिखा—"जाको प्रिय राम न वैदेही ताको वोट कदापि न देही ।" यह कौन सी पार्टी का नारा है और यह किस लिए कर रहे थे ? उपसभाध्यक्ष महोदय, ये इन्होंने नारे लगवाये । अभी कुछ देर पहले "भा०ज०पा०" के पार्टी लीडर, दल के नेता यहां भाषण देकर कह रहे थे कि अगर राम मन्दिर न बना तो इस देश को तकसीम होने से कोई नहीं बचा सकता । शर्म आती है ऐसे अल्फाज सुनकर, उस सदन के अंदर जिस सदन का काम इस देश की एकता, अखंडता और धर्म निरपेक्षता की रक्षा करना है और हम सब सदस्य मूक दर्शक बनकर ऐसे अल्फाज सुनते हैं, जो संविधान के खिलाफ बोलते हैं ।

इन्होंने नारे लगवाये कि जो राम के हित में काम करेगा वही देश पर राज करेगा । आज क्यों नहीं बी०जे०पी० के नेता यह नारा लगाते हैं कि जो देश के हित में काम करेगा वही देश पर राज करेगा ।

श्री संघ प्रिय गौतम : यह नारा हमने लगवाया कि जो राष्ट्रहित में काम करेगा वही देश पर राज करेगा ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : क्या लगवाया ? मालूम है... (**व्यवधान**) और दूसरा, "सौगंध राम की खाते हैं, मन्दिर वहीं बनाएंगे ।"

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने जितने शास्त्र और धर्मग्रंथ पढ़े हैं और खासकर रामायण को जो पढ़ा है उसके माध्यम से सिर्फ एक ही चीज जानी है...

कुमारी चन्द्रिका प्रेमजी केनिवा (महाराष्ट्र) : मिजोरम में आपने कौन से नारे लगाये हैं वह भी तो बता दीजिए ।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : केनिया जी, जिस वक्त मिजोरम में नारे लगाये मैं उस वक्त आप कांग्रेस की तरफ से ऑब्जरवर बनकर गयी थीं, भूल गयी क्या ? वे कांग्रेस की मिनिस्टर थीं और कैम्पेन करने गयी थीं इसीलिए पता है उनको।

उपसभाध्यक्ष महोदय, धर्मग्रंथ में आज तक जो कुछ बातें लिखी हैं उनके माध्यम से यह जान पड़ता है कि राम भगवान भी शिव के उपासक थे, सीता जी भी एक ऐसे परिवार से आती थीं जो शिव के उपासक थे ।

और जब स्वयंबर हुआ था सीताजी का, तो यह राम का नाम लेने वालो, आपको पता है कि जो वह धनुष उठाने गये थे, वह धनुष किसका था वह शिव भगवान का था और उन्होंने शिव भगवान के धनुष को उठा कर तब सीताजी का वरण किया था और उन दोनों परिवारों, जिनकी पूजा की जाती थी, अगर हिम्मत होती आप में, तो आप नारा लगाते कि अगर आजाद कराना ही है, तो हम चले मानसरोवर और कैलाश पर्वत को आजाद करवायें और उस कैलाश पर्वत को, जहां पर शिव और पार्वती जी ने बैठ कर... (**व्यवधान**) (**समय की घंटी**)।

श्री शंकर दयाल सिंह : मानसरोवर पर जाते हैं, तो घंटी बज गई ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please come to Delhi from Mansarovar.

SHRI S. S. AHLUWALIA: Sir, you belong to the land of Shankar Deva and you are preventing me from talkng about Shiva.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): The time available is very limited. I am sorry for not being able to help you.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : यह वह मानसरोवर है, जहां ब्रह्मा और शिव, दोनों की शक्ति की उपासना होती है । अगर लड़ाई करनी थी, तो उसकी लड़ाई लगाते । पर वहां उन छोटे-छोटे चींटियों से बड़ा डर लगता है और वहां की बर्फ की ठंडी हवायें इनको सुहाती नहीं हैं । वहां इनका वोटर नहीं है । वहां कोई पोलिंग बूथ नहीं है ।

श्री सुब्रहमण्यम स्वामी (उत्तर प्रदेश) : और वहां पर कोई मुसलमान भी नहीं है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलुवालिया : और वहां पर आपका कोई पोलिंग एजेंट भी नहीं है । कोई नोट या वोट न मिलेगा क्योंकि आपको नोट और वोट दोनों की चिंता है, क्योंकि इस रक्त-रंजित यात्रा में भी जो आपने इकट्ठा किया, वह सिर्फ नोट और वोट ही किया और कुछ नहीं किया । ... (**व्यवधान**)

उपसभाध्यक्ष जी, यह तो गर्व बड़े से कहते है कि हमने कोई भी मस्जिद नहीं तोड़ी है और अगर कोई दिखा दे कि मस्जिद तोड़ी है, तो हम मानने के लिए तैयार हैं कि हमने गलत काम किया है । इस देश में भी मस्जिद टूटी, और उपसभाध्यक्ष जी, यह किताब है "मान्युमेंट्स आफ इंडिया, वाल्युम 2" फिलिप्स डेविस

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

की लिखी हुई किताब है, 1989 का पब्लिकेशन है, जिसमें बयाना में ऊखा मस्जिद थी, जिसे तोड़कर ऊखा मंदिर बनाया गया है और यह अंकित है। यह इसके बारे में अगर बोल सकें, खड़े होकर इसका विचार कर दें, कहें कि नहीं साहब, ऊखा मस्जिद को तोड़ कर ऊखा मंदिर नहीं बना है, तो मैं अपने आपको विदड्रा कर लेता हूं।...(व्यवधान)

मैं चैलेंज करता हूं कि आप जरा इसके बारे में बतायें। और तो और छोड़ो, 1984 में दंगे हुए सारे हिंदुस्तान में, गुरु तेग बहादुर जिनका नाम लेकर आप सिखों से वोट मांगते रहे, अपने केसेट्स में गुरु तेग बहादुर का नाम बार-बार लेते रहे कि इस देश के जंजू और तिलक का रक्षकधारी, हिंदु की चादर गुरु तेग बहादुर, उनका गुरुद्वारा बनारस में था, उस बनारस के गुरुद्वारे में विश्व हिंदु परिषद् के संरक्षकों ने वहां पर हनुमान की मूर्ति लगा दी और वहां से गुरुद्वारा उठवा दिया।

एक माननीय सदस्य : यह झूठ है।

डा० रत्नाकर पाण्डेय (उत्तर प्रदेश) : यह झूठ कैसे है? मैं बनारस का रहने वाला हूं।...(व्यवधान) झूठ शब्द कांग्रेस की डिक्शनरी में नहीं है।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : इसी तरह मोतीहारी, बिहार में जहां एनशेंट चर्च था, उस चर्च को इनके एम०एल०ए० हैं हरि शंकर शर्मा--अश्विनी कुमार जी जानते होंगे...(व्यवधान)

श्री अश्विनी कुमार : कल तो वह आपके ही थे भैया।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : वह आपकी पार्टी के हैं।

श्री अश्विनी कुमार : कल तक वह आपके साथ ही थे।

डा० रत्नाकर पाण्डेय : हमारी पार्टी में तो पूरा हाऊस था पहले।

श्री सरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : हमारी पार्टी तो जन्मदाता है।

श्री अश्विनी कुमार : पाप को।

श्री सरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : हमारी पार्टी तो भारत देश की जन्मदाता है और भारत माता के जो कपूत हैं, वह बी०जे०पी० में चले जाते हैं। वह आपके पास गए हुए हैं और जिसने उस चर्च को तुड़वा कर वहां महाराजा एम० एन० कालेज की स्थापना कर दी।

उपसभाध्यक्ष महोदय, यह लोग कौन हैं? यह किसकी बात करते हैं और किस धर्म की रक्षा करने की बात करते हैं, कौन सा धर्म? आप भगवान राम को चैलेंज देने की बात करते हैं? मैं सिख हूं। मेरे गुरु ग्रंथ साहब में 2455 बार राम का नाम आता है, पूरी रामायण पढ़ें तो 1475 बार राम का नाम है। मैं कह रहा हूं कि जिस सिख धर्म में जब हरमंदिर साहब गोल्डन टैंपल की नींव रखी तो मीरों के मीर, सियां मीर को लाहौर से बुला कर उससे वहां पर फाउंडेशन स्टोन रखवाया। उसके चार दरवाजे बनाए। किसने भारत माता को तकसीम किया? आज पूछना चाहते हैं, भूल गए वह दिन जिस दिन आपकी जनसंघ पार्टी ने पंजाब में घर-घर में कहा कि अगर पटवारी पूछने आए कि तुम्हारी मातृभाषा क्या है तो उसे कहना कि मेरी मातृभाषा हिन्दी है। भूल गए वह दिन जिस दिन पटवारी को जवाब देते हुए बूढ़ी मां कहती थी, पंजाबी में कहती थी कि "मेरा पुत्र कह गया है कि मेरी मातृभाषा हिन्दी है।" क्योंकि आपने पंजाब को हिन्दी और पंजाबी के नाम पर तकसीम करना था। क्योंकि आपने हिन्दुस्तान को हिन्दी, हिन्दू और हिन्दुस्तानी के नाम पर तकसीम करना था। आज उसी तरह से इस देश को बांटने की धमकी दे रहे हैं। किसकी बात करते हैं आप उस राम की बात

करते हैं जिस राम का जन्म रावण की हत्या करने के लिए हुआ था, आप उस कृष्ण की बात करते हैं जो कृष्ण कंस की हत्या करने के लिए आया था? अगर दिखाएं, वह रावण और वह कंस कौन है तो मैं कहता हूं कि वह रावण और कंस आपकी पार्टी में बैठा है। * *

* * *

*...(**व्यवधान**)

श्री कृष्ण लाल शर्मा (हिमाचल प्रदेश) : यह बंद किया जाए। This is very bad. It should be withdrawn. (*Interruptions*).

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: I am on a point of order, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): What is your point of order?

डा० रत्नाकर पाण्डेय : खाशोगी तस्कर जो अस्त्रों का व्यवसायी है, उसको दावत देने वाले लोग भी बी०जे०पी० में हैं। ...(**व्यवधान**)

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: My point of order is, while the hon. Member was speaking, he distorted various things but we kept quiet because... (*Interruption*)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): What is your point of order?

DR. JINENDRA KUMAR JAIN: Sir, derogatory and unparliamentary remarks have been used against our leader, Shri Lal Krishan Advani, who is not a Member of this House. Shri Lal Krishan Advani is a Member of Lok Sabha. (*Interruptions*).

डा० रत्नाकर पाण्डेय : रावण कहना अनपार्लियामेंट्री नहीं है। रावण का अभिनय करने वाले को टिकट दिया और रावण को कह रहे हैं कि अनपार्लियामेंट्री है? ...(**व्यवधान**)

डा० जितेन्द्र कुमार जैन : तुम्हारी पार्टी में तो औरंगजेब भी कुछ नहीं है। ...(**व्यवधान**)

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): The person who are not Members of this House, their names should not be brought.

SHRI S. S. AHLUWALIA: We are ready to accept Sikandar Bakht as! but not as*. (*Interruptions*).

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): I shall go through the record. The objectionable word souhld be expunged. Now, Mr. Ahluwalia, you don't have any more time Now you please conclude.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं तो सिर्फ धर्म पर और अध्यात्म पर बोलना चाहता था परन्तु शुरूआत तो जे० के० जैन जी ने की... (**व्यवधान**)

डा० जितेन्द्र कुमार जैन : लेकिन बिल पर बोलिए।

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : हां। जैसे बिल पर आप लोग बोले हैं।...(**व्यवधान**)

श्री संघ प्रिय गौतम : अध्यात्मिक बात पर गुरुद्वारे में बोलिए यहां आप बिल पर बोलिए।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please don't enter into argument. Confine yourself to the Bill and conclude.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, आज इस मुल्क में भी वाकई अगर सोचा जाए तो राम और कृष्ण की जरुरत है, पर रावण और कंस की हत्या करने के लिए नहीं, आज हमारे समाज का सब से बड़ा कंस और रावण जो है वह हमारे देश की गरीबी है। हमारे देश की बेकारी है, हमारे देश का अंधकार है, हमारे देश की अशिक्षा है,

*Expunged as ordered by the Chair.

[श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया]

हमारे देश का जो शोषण हो रहा है, वह है, हमारे देश में जो भ्रष्टाचार है, वह है । आज अगर खत्म करने की बात सोची जाय तो इनको खत्म करने की जरुरत है, पर उधर न सोचकर इस मुल्क के अल्प समुदाय को खत्म करने की बात सोची जा रही है । वह व्यर्थ है.... **(समय की घंटी)**..वह फरेब है ।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude; otherwise I will call the next speaker.

श्री सुरेन्द्रजीत सिंह अहलूवलिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं बिल के क्लाज–4 के सब क्लाज–2 पर आता हूं जहां पर लिखा है, "15 अगस्त, 1947 को विद्यमान किसी उपासना स्थल के धार्मिक स्वरूप के संपरिवर्तन के बारे में कोई वाद, अपील या अन्य कार्यवाही किसी न्यायालय, अधिकरण या अन्य प्राधिकारी के समक्ष लंबित है तो वह समाप्त हो जाएगी । इसमें सी०आर पी सी० या सी पी०सी० का कोई उल्लेख नहीं है । उपसभाध्यक्ष महोदय, क्लाज–6 के सब क्लाज–1 में दिया है कि, "जो कोई धारा 3 के उपबंधों का उल्लंघन करेगा, वह कारावास से, जिसकी अवधि तीन वर्ष तक की हो सकेगी, दंडनीय होगा और जुर्माने से दंडनीय होगा। उपसभाध्यक्ष महोदय, यह तो क पर्सनल आदमी के बारे में लिखा गया है । मैंने पिछले दो चुनावों में देखा है कि...**(समय की घंटी)**... महंत अवैद्यनाथ को स्टेज पर चढ़ा दिया जाता था और वह "हिंदू हिंद में काज करेगा, वही देश पर राज करेगा" का नारा लगवाते थे और मैसेज बी० जे० पी० का जाता था । अगर इलेक्शन मैनुअल के हिसाब से डिस-क्वालिफिकेशन की बात आती हो तो सिर्फ महंत अवैद्यनाथ को ही बलि का बकरा बना दिया जाए और बी० जे० पी० बच पाए । इसलिए मैं गृह मंत्रीजी को यह गुजारिश करूंगा कि अगर प्रदेश सरकार या कोई धार्मिक संस्था इसका उल्लंघन करती है तो उसके खिलाफ क्या कार्यवाही करेंगे क्योंकि मुझे डर ...**(व्यवधान)**...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Shri P. Upendra. Please sit down, Mr. Ahluwalia. Please take your seat. Mr. Upendra.

SHRI B. S. AHLUWALIA: I am concluding, Sir... *(Interruptions)*...

KUMARI CHANDRIKA PREMJI KENIA: The term "persons" includes association, company, firm, partnership, etc.

SHRI SANGH PRIYA GAUTAM: It is there in clause...

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Please conclude.

श्री सरेन्द्रजीत सिंह अहलूवालिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं सिर्फ यही जानना चाहता हूं कि कल को अगर कल्याण सिंह कोई आर्डिनेंस कर के उस जमीन को अपने अधिकार में लेते हैं तो केन्द्रीय सरकार क्या कार्यवाही करेगी ? क्योंकि इन्हें अच्छी तरह से पता है कि अगर इन्होंने जो कायदे किए हैं, उनको पूरा किए बगैर जनता के बीच में गए तो इनकी चमड़ी के जूते पहनेंगे लोग, इनकी जमानतें जब्त होंगी । तो यह कुछ भी करने पर उतारु हैं । इनको कैसे रोका जा सकता है, यह आश्वासन सदन को दें ।

SHRI P. UPENDRA (Andhra Pradesh): Mr. Vice-Chairman, I welcome this Bill. Not only I welcome this Bill, I whole-heartedly support it. This Bill is in fulfilment of a pledge given in the manifestoes of the Congress Party as well as the National Front...

SHRI SATYA PRAKASH MALAVIYA: Also of the Samajwadi Janata Party.

SHRI P. UPENDRA: And of other parties. The need for this Bill arose because a group of people, very res-

ponsible people,—I do not doubt their patriotism or their nationalism —are trying to rewrite the history of this county and also the Bhartiya Janata Party—I don't have any hestitation o name—in conjunction with some reactionary groups and communal forces like Vishwa Hindu Parishad and Bajrang Dal has succeeded in polluting the political and social atmosphere of this country during the last one year. Sir, one fails to understand the logic behind the agitation started by the BJP and its associates. The country is faced with various problems on the economic, social and political fronts. We are in a deep crisis. There are unsolved problems in Punjab, Kashmir Assam, etc. There is law and order problem everywhere in the country and at this time when the undivided attention of this country should be bestowed on solving these problems. these people are worried about the construction of a temple as if there is a dearth of temples in this country. You go anywhere thousands and thousands of temples are there. Some of them are not looked after; there is no poojari: there is no pooja; nobody enters them; nobody bothers about them; nobody renovates them; nobody white-washes them. But there is an anxiety to build yet another temple and in that process they hurt the sentiments of crores of people in this country. There is no objection if somebody wants to build a temple. They can do it. They have collected crores of rupees for that. But there is no necessity to create this kind of surcharged atmosphere in the country to build a temple diverting the attention of the whole nation to this problem. For the last one year we have noting but this subject in elections and otherwise also. The Government of this country was destabilised on this issue—an issue which did not find a mention inthe manifesto of the BJP in 1989. If they were so worried about the construction of the temple, if they were in favour of constructing the temple, why didn't they put it in their 1989 manifesto; they suddenly resurrected Ram; they suddenly remembered Ram in 1990. The reasons are obvious; we know that. They thought this would bring them electoral gains—of course, a short-term gain—and they did gain. That was the main intention. It is not out of love for Ram because this issue was hanging for a long time. Whenever this subject was raised the BJP always took the stand that "it is not a political issue. BJP is not concerned with this issue. We refuse to discuss his issue. The Government should talk to the Vishwa Hindu Parishad". That was the stand taken by them till the Mandal Commission issue came up. Only after that their complexion has changed and suddenly they remembered Ram and made Ram a member of the BJP. Today we are hesitant to mention Ram because Ram has been made a BJP member. They compartmentalised Ram in the process.

Sir, there were many discussions in this House and elsewhere on the question of mixing religion with politics. Very long speeches were made in this House and we all, including the leaders of BJP, opposed mixing of religion will politics. We heard in this House Advaniji and Atalji speaking against mixing of religion with politics when the Akali issue came up. I will only quote two small references. On 12th May 1987 in the discussion on extension of President's rule in Punjab, Advaniji said:

> 'We did not support Mr. Barnala at any stage. Of course, we said 'to the extent Mr. Barnala had shown some little courage in standing against the High Priests of the Akal Takht, we appreciate his stand.' That is all."

My only regret is Lalji could not withstand the pressure of the high priests of the Vishwa Hindu Parishad. Then Atalji, while speaking on the same subject on my 5, 1988, said:

"उपसभाध्यक्ष जी, हम इस सदन में बैठकर चर्चा करते हैं कि धर्म और राजनीति को अलग किया जाना चाहिये हम यह मांग करते हैं कि धर्म और राजनीति को अलग करने के लिये कानून बनाया जाना चाहिये । लेकिन पंजाब की समस्या को हल करने के लिये राजनीति धर्म की शरण में चली गी है ।"

This is what Atalji said and that is exactly what the BJP has done ultimately. They have taken refuge under the cover of religion and tried to get political advantage out of that. I know the story leading to this controversy and which also led to the fall of the National Front Government. I also know even today Atalji was against this agitation. Even Advanij was a reluctant participant, in that. I remember the day, the dark evening, last year on the Diwali day, when Advaniji was closeted with the leaders in a joint meeting of the Bharatiya Janata Party, the Vishwa Hindu Parishad and the RSS in Jhandewalla. Atalji, Jaswantji, George Fernandes and I went there. And we know Advaniji was arguing till the end not to precipitate matters and he was reluctant to proceed with the Rath Yatra further and he tried to convince them. He said the four-point formula given by the Government at that time must be accepted. But one man, the high priest of the Vishwa Hindu Parishad, vetoed the whole thing. I saw Advaniji leaving that place in a huff. Atalji argued till the end. But he too could not convince him. I give them that much benefit of doubt. Till the last minute they tried their best but ultimately they had to surrender to the Hindu communal forces in the form of Vishwa Hindu Parishad and Bajrang Dal. We know the attempts made to solve this problem. Several formulae were given. But I am surprised that even responsible leaders of the Bharatiya Janata Party who were Ministers in the Government, demanded that the law of the land should be violated, that construction should be allowed on a disputed land when there is a court injuction. And a very strange argument is being put forward. It is not demolition of the mosque, but relocation. Can this Parliament building be relocated elsewhere without being demolished? What is this? Whom are they kidding? Why cannot they straightway say that they want to demolish the mosque and build the temple? They have no courage to say that. They are telling us that they want to relocate the mosque. What is relocation? Let them explain. How will it be done? Will the mosque be shifted by cranes? This is an absurd argument they have given. They are riding on a tiger. They know that. They cannot get down from the tiger. The tiger may devour them completely. They are all my friends; I know. But ultimately they cannot get down from this tiger because it will totally devour them. Tthey might have gained a slight political advantage. True. Their strength has gone up in the Lok Sabha and, maybe, they have got control in UP also. But let them remember, it is only a temporary gain. They will rue the day when they started this campaign. What happened even where Ramrajya is already there? In Madhya Pradesh, in Rajasthan, in Himachal Pradesh, why has their strength come down? Why have they become impopular? Can they retain the lead in U.P. the next elections? I challenge. Let them accept the challenge. Even if the whole Cabinet has gone there and prostrated before Ram in Ayodhya, this Ram cannot save them from their defeat in the next election. They cannot win; on this slogan they cannot sustain for long. This is not correct.

5.00 P. M.

At what cost are they doing all this? They are doing it at the cost of social harmony in the country and at the cost of unity of this country. We have to learn from what is happening in other countries where ethnic clashes have fermented and led to break up of the Union. Those who are concerned about social harmony should try to put an

end to this strife. Lastly, I can only say that it is very difficult to rewrite history and those who try to do it will never succeed. India can only survive through religious tolerance and we shall stand united to maintain social harmony in this country.

डा० अबरार अहमद : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं इस बिल का स्वागत करता हूं और आज जो हमारे मुल्क के हालात हैं, उनको देखते हुए ऐसा बिल लाना निहायत जरूरी था । अभी जब इस बिल पर इस सदन के भारतीय जनता पार्टी के नेता सिकंदर बख्त बोल रहे थे तो उन्होंने एक बात बड़े जोर से कही कि यह बिल कम्युनल टेंशन खत्म नहीं कर सकता । मैं उनकी बड़ी इज्जत करता हूं, व काफी समझदार हैं लेकिन एक बार मैं जरूर कह सकता हूं कि अगर पिछले 30 सालों का कम्युनल टेंशन का इतिहास उठाकर देखा जाए तो उसमें अगर कुछ मिलेगा तो वह मंदिर-मस्जिद के विवाद या इसी प्रकार के विवाद मिलेंगे । तो अगर इस प्रकार के बिल नहीं लाए जाएं और दो-चार और इस प्रकार के विवाद खड़े हो जाएं और जिस प्रकार की रथ यात्रा अयोध्या के संबंध में निकली थी, दो-चार ऐसी रथ यात्राएं और निकल जाएं तो इस देश को जलाने की आवश्यकता नहीं है, यह मुल्क अपने आप जल जाएगा ।

ऐसी हालत में आज इस मुल्क को इस तरह के बिल की बहुत जरूरत थी जिससे कम से कम इस तरह के डिस्प्यूट्स आगे न पैदा हों । आपने यह भी सवाल उठाया कि 15 अगस्त, 1947 के बाद बहुत से मंदिरों और मस्जिदों की शक्ल बदली है । महोदय, यह बहुत ही साफ बात है । इस बिल की जो भावना है वह बड़ी स्पष्ट है । वह भी जानते हैं । उनकी पार्टी भी जानती है, इस सदन का हरेक सदस्य जानता है, इस मुल्क का हरेक आदमी जानता है कि उसकी भावना यह है कि आगे इस तरह के विवाद पैदा न हों और अगर किसी विवाद में कोई बात आई तो वह सदन उनमें संशोधन करता आया है और आगे भी करता रहेगा लेकिन भावना उसके पीछे बहुत साफ है जिसे इस मुल्क का हरेक आदमी जानता है कि इस तरह के डिस्प्यूट्स पर रोक लगाई जाए जिससे इस मुल्क में स्टेबिलिटी रहे ।

अपनी बात को कहते हुए उन्होंने अतीत पर बहुत जोर दिया कि अतीत को नहीं देखते । उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर 500 साल पहले या 400 साल पहले या 300 साल पहले कोई बात हुई हो और उसकी सजा अतीत को दिखाकर आज की पीढ़ियों को दी जाए तो मैं नहीं समझता कि यह किसी भी प्रकार से न्यायसंगत है । उन्होंने एक बात कही कि इस मुल्क को डिस्टेबिलाइज करना चाहते हैं । उपसभाध्यक्ष महोदय, डिस्टेबिलाइज इस मुल्क को कौन कर रहा है, यह आप और सारा मुल्क अच्छी तरह से जानता है। इसको मैं यहां बयान करूं या कुछ बात कहूं, उससे कोई फर्क नहीं पड़ता है । उन्होंने कहा कि डिस्टेबिलाइज करके इस देश में इस्लामिक मुल्क बनाना चाहते हैं । मैं उनको बता देना चाहता हूं और याद दिला देना चाहता हूं कि इस मुल्क में जितने भी मुसलमान हैं, बहुत सीधे लफ्जों में मैं कहना चाहता हूं कि 1947 में उनके पास विकल्प था, वे अगर चाहते तो पाकिस्तान जा सकते थे । दूसरे लोगों के पास विकल्प नहीं था । लेकिन वे नहीं गए । उन्होंने कहा कि हमें इस मिट्टी से प्यार है, हम इस मुल्क में पैदा हुए हैं, इस मिट्टी में पैदा हुए हैं, यहीं मरेंगे और यहीं जियेंगे और इसी देश के लिए अपनी जान देंगे । यहां दूसरा मुल्क नहीं बनेगा । इसके बाद इतिहास उठाकर देख लीजिए कि 1947 के बाद जब-जब जरूरत पड़ी, किसी भी मुसलमान ने शहादत देने में या इस देश के लिए योगदान देने में या किसी प्रकार का कंट्रीब्यूशन देने में कोई झिझक नहीं दिखाई, कोई पीछे नहीं रहा । तो उनका यह शुबहा या शंका कि इस देश को डिस्टेबिलाइज करके मुस्लिम राष्ट्र बनाना चाहते हैं, यह बिल्कुल नकारा है, गुमराह करने वाली बात है ।

महोदय, जहां तक मंदिर का सवाल है या भगवान श्रीराम का सवाल है, मैं यह बात साफ तौर पर कह चुका हूं कि मंदिर बनने के विरुद्ध कोई नहीं है । हर मुसलमान चाहता है मंदिर बने ।

[डा० अबरार अहमद]

हर मुसलमान चाहता है कि जिसका जो धार्मिक स्थल हो, वह होना चाहिए, उसका पूरा सम्मान होना चाहिए । श्रीराम के विरुद्ध कोई नहीं है । हर एक श्री राम को मानता है । अल्लामा एकमौल ने श्री राम को इमामे हिन्द कहा है । जिस श्री राम को अल्लामा इकबाल ने इमामे हिन्द कहा है उससे कोई नफरत कैसे कर सकता है ? यह गलत गुमराह करने वाली बात है, लोगों को भड़काने वाली बात है ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, आज जो हालात बने, जो वोट बटोरने की बात चली, उसके बारे में मैं एक बात कहना चाहता हूं कि इस देश में लोगों की धार्मिक भावनाएं इतनी मजबूत हैं कि जब लोगों ने देखा कि इस देश का आदमी धार्मिक भावनाओं के आधार पर मर सकता है, जल सकता है तो साम्प्रदायिकता को धार्मिक भावना के साथ जोड़कर उसका प्रचार किया गया । धार्मिकता और सांप्रदायिकता में अंतर है । मैं आपको उदाहरण देना चाहता हूं कि गरीब आदमी जो आधा नंगा है, भूखा है उसके ऊपर छतरी नीला आसमान है, उसके सामने बड़े बड़े करोड़-पति बड़ी बड़ी गाड़ियों में आते जाते उसको देखते हैं, लेकिन उसके बाद भी वह कहता है कि जिस दिन मेरा अल्लाह/मेरा भगवान मेरी किस्मत बना देगा मैं इससे भी बड़ी गाड़ी में बैठूंगा, इससे भी बड़े मकान में रहूंगा । इस आस्था से वह अपनी जिन्दगी बिता देता है । तो जिसकी आस्था इतनी मजबूत हो, जिसे भगवान पर, जिसे अल्लाह पर इतना भरोसा हो उससे आप उसका कुरान छीन लें, उससे उसकी गीता छीन लें, उसका गुरुग्रंथ साहिब छीन लें, उसकी बाइबिल छीन लें तो वह कैसे जिन्दा रह सकता है ? इसलिए जब लोगों ने यह देखा कि इस देश में लोगों की धार्मिक भावना इतनी मजबूत है कि वह सब कुछ अपना उस पर निछावर कर सकता है तो सांप्रदायिकता का प्रचार किया गया । सांप्रदायिकता क्या है ? सांप्रदायिकता है दूसरे धर्म का आदर न करना, दूसरे धर्म से नफरत करना, दूसरे धर्म को नेस्तनाबूद करना । इस सांप्रदायिकता को हमारे अनपढ़ समाज में धार्मिक भावना, धार्मिक आस्था के रूप में फैलाया गया ।

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैंने जयपुर में एक सर्वधर्म प्रार्थना सभा बुलाई थी । बड़े से बड़े गुरुग्रंथी, बड़े बड़े मौलवी बुलाए । बड़े बड़े बाइबिल के जानने वालों को बुलाया, बड़े बड़े पंडितों को बुलाया और हमने उनसे पूछा कि आप बताइए कि आपकी किताबें क्या कहती हैं ? उन्होंने कहा कि जितने भी सृष्टि के अंदर इंसान हैं हम उनको शिव और पार्वती की संतान मानते हैं । जो बात कुरान में लिखी है वह केवल मुसलमान के लिए नहीं है । गीता में जो बात कही है वह हिन्दुओं के लिए नहीं है, गुरुग्रंथ साहिब में जो उपदेश हैं वह केवल सिक्खों के लिए नहीं है, बाइबिल केवल क्रिश्चियनों के लिए नहीं है, उनमें जो उपदेश हैं, जो संदेश हैं वह इंसान के लिए हैं जो इंसानियत का पैगाम देते हैं, वह आपस में दुख-दर्द बांटने की बात करते हैं । वह कहते हैं कि एक रोटी है तन कैसे बांटकर खाएं, एक गज कपड़ा है तो कैसे बांटकर तन ढकें । तो जब हमारे धर्म ग्रंथ यह कहते हैं तो मेरी समझ में नहीं आता कि वह कौन सी राजनीतिक पार्टियां हैं जो धर्म और मजहब का प्रचार करके हमारे देश के अनपढ़ लोगों को गुमराह करती हैं । (**समय की घंटी**)

महोदय, हमारे देश में धार्मिक शिक्षा दी जाती तो हमारे देश में किसी पार्टी का यह गलत प्रचार कामयाब नहीं होता । धर्म के नाम पर वे लोगों को लड़ा नहीं सकते थे । धर्म के नाम पर वे राजनीति नहीं कर सकते थे । लेकिन हमारे देश में डेमोक्रेसी तो है लेकिन सही शिक्षा नहीं है, धर्म की शिक्षा नहीं है । उस शिक्षा को भुलाकर लोग धर्म के नाम पर अपना उल्लू सीधा करना चाहते हैं । अगर सरकार इस तरह का बिल लाई है तब उसका स्वागत करना चाहिए । हमारे देश में इस तरह के बिल की आवश्यकता थी । इसलिए मैं उसका स्वागत करता हूं और आप चूंकि बार बार घंटी बजा रहे हैं, कहना तो बहुत कुछ चाहता था,

लेकिन आपकी बात मानते हुए मैं अपनी बात यहीं समाप्त करता हूं ।

श्री चतुरानन मिश्र : उपसभाध्यक्ष महोदय, जो यह विधेयक लाया गया है मैं इसका पूर्णतः समर्थन करता हूं । मुझे पूरा विश्वास है जब कश्मीर में असेम्बली बैठ जायेगी तो यह कानून वहां भी लागू कर दिया जायेगा उनकी अनुमति से । मैं यह भी समझता हूं कि कम से कम मेरी अपील है कि पाकिस्तान और बंगलादेश में भी अगर ऐसा कानून बन जाए तो हमारे दक्षिण एशियाई इलाके में काफी शांति स्थापित हो सकती है । मैं यह भी चाहता हूं कि ह्यूमत राइट्स जो यू०एन० ओ० का है उसमें भी यह जोड़ देना चाहिए--पूजा स्थल की रक्षा, वैसे उस में धार्मिक स्वतंत्रता है लेकिन इसको भी लाने की जरूरत है ।

हमारे मित्र सिकन्दर बख्त साहब जब बोल रहे थे तो हम बार-बार बिल उलटने लगे । हम को लगा कि उर्दू अखबार पर कोई ऐसा कानून बना दिया है जससे यह बार-बार कोटेशन कर रहे हैं उर्दू अखबारों का । उलट-पुलट कर देखा तो उस बिल में उर्दू अखबार का कोई जिक्र नहीं है । यह सब क्यों बोल रहे थे मुझे समझ नहीं आ रहा था ।

श्री सिकन्दर बख्त : मैं समझा दूंगा ।

श्री चतुरानन मिश्र: हां, समझा देना । मैं भी थोड़ा आपको समझा दूं कि यह बिल जो लाया गया है आपके लिए लाया गया है । आप लोगों ने जो एलान किया है उससे सरकार डरती है, दूसरे लोग डरते हैं । आपने एलान किया है कि तीनों अयोध्या, मथुरा और काशी की मसजिदों को तोड़ेंगे, फिर तीन हजार की लिस्ट बना दी कि इसको भी तोड़ेंगे । कोई हुकूमत क्या करे । पूजा स्थल में कोई पुलिस ले जाना चाहेगा नहीं । लेकिन जब आप वहां जा रहे हैं, उसको तोड़ने के लिए, उसको बदलने के लिए, आप कहते हैं तोड़ने के लिए नहीं गये थे तो सब अखबारों में फोटो देखी है, टी०वी० में देखा है बाबरी मसजिद के गुम्बद पर छेनी-हथोड़ी लेकर गये तो यह लेकर आप क्या करने गये थे ? क्या उसकी मरम्मत करने गये थे ? ऐसा झूठ क्यों बोलते हैं ? एक बात दिल में दूसरी बात बाहर में क्यों करते हैं ? यह आपको नहीं करना चाहिए । आपकी उम्र भी ज्यादा है और मेरी उम्र भी ज्यादा है इसलिए मैं चाहता हूं आप साफ-साफ बात करें । आप कहते हैं कि टकराव की राजनीति नहीं होनी चाहिए और आप टकराव की राजनीति करते हैं । तीन हजार मसजिद तोड़ने की बात कह रहे हैं । ये लोग आपसे अपील करते हैं कि ऐसा मत करिये लेकिन मैं आपसे अपील नहीं करता । मुझे विश्वास है कि आपको इसके जरिये वोट मिलेंगे । चूंकि आप समझते हैं कि वोट मिलेंगे तो आप इस काम को खूब कीजिए और हम लोग डट कर मुकाबला करेंगे । आपको हराने की कोशिश करेंगे । आप जीतेंगे तो देश का सत्यानाश होगा । **(व्यवधान)** मुझे एक इंच भी यह विश्वास नहीं है कि आप इस रास्ते को छोड़ देंगे । कांग्रेस के लोग आप से अपील करते हैं, वे करें ।

श्री संघप्रिय गौतम : हम पर तो मन्दिर तोड़ने का आरोप लगा रहे हैं और आप तो जिंदा आदमियों को भट्टियों में झुलसा देते हैं, कारखाने बंद करवा देते हैं और पंदावार को बंद करवा देते हैं । **(व्यवधान)**

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): No interruptions, please. Let him speak.

श्री चतुरानन मिश्र : गौतम जी आप ऐसा कीजिए कि इसके लिए बिल लाइये तब हम भी बता देंगे । अभी तो आप तोड़ते हैं हम इस बात के लिए कानून लाये हैं । जब हम तोड़ने लगेंगे आदमियों को फिर आप कानून लाइये । **(व्यवधान)**

मैं एक बात और कहना चाहता हूं । भाजपा-विश्व हिन्दू परिषद के अभियान में

†[]Transliteration in Arabic Script.

[श्री चतुरानन मिश्र]

धर्म-वर्म की बात नहीं है, वोट की बात है। न जिन्हा साहब रोज नमाज करते थे और न भाजपा वाले रोज पूजा पाठ करते हैं। दोनों वोट के लिए ऐसा करते हैं। लोगों को बेवकूफ बनाते हैं, भ्रम में फंसाए हुए लोगों को। यह बिल उत्कृष्ट हिन्दू परम्परा के अनुकूल है। मैं सर्वश्रेष्ठ हिन्दुओं में एक स्वामी विवेकानन्द जी को मानता हूं। जब 1893 में शिकागो में वर्ल्ड रिलीजन पार्लियामेंट हो रही थी तो उन्होंने जो कहा था उसका हिन्दी तर्जुमा सुनाना चाहता हूं :

"मुझे इस बात का गौरव है कि मैं उस धर्म का हूं जिसने विश्व को सहिष्णुता और विश्व भावना सिखाई। हम लोग न सिर्फ विश्वव्यापी सहिष्णुता में विश्वास करते हैं बल्कि सभी धर्मों को सही समझते हैं। मुझे यह कहते हुए गौरव होता है कि हमारे हृदय में इजराइटी की पवित्रतम स्मारिका है। जब उन्होंने दक्षिण भारत में आश्रय लिया तो उसी वर्ष उनके पवित्र मन्दिर को रोमन जुल्मियों ने ध्वस्त किया था। मुझे इस बात का भी गौरव है कि महान जरस्ट्रियनों को भी हमारे धर्म ने शरण दी।"

यह वेस्ट ट्रेडीशन आफ हिन्दुइज्म है। **(समय की घंटी)** अभी तो मैंने कोटेशन भी नहीं खत्म की...

श्री प्रमोद महाजन : आप तो इसको मानते ही नहीं हैं तो आप क्यों सुनाते हैं। **(व्यवधान)**

मैं स्वामी विवेकानन्द को कोट कर रहा हूं–

"Practical Advaitism, which looks upon and behaves to all mankind as one's own soul, was never developed among the Hindus...If ever any religion approached to this quality in an appreciable manner, it is Islam and Islam alone...I am firmly persuaded that without the help of practical Islam, theories of Vedantism, however fine and wonderful they may be, are entirely valueless to the vast mass of mankind...For our own motherland a junction of the two great systems, Hinduism and Islam—Vedanta brain and Islam body—is the only hope. I see in my mind's eye the future perfect India rising out of this chaos and strife, glorious and invincible, with Vedanta brain and Islam body."

यह बात हमें आपसे कहनी थी। मुसलमानों के बारे में भी एक कोटेशन, अगर आपकी इजाजत हो तो मैं देना चाहता हूं। यह बाबर के अपने बेटे हुमायूं के लिए वसीयतनामे में से है, इसको मैं पढ़ रहा है, यह हुमायूं को लिखा गया था।

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Time is not going from Babar to Humayun.

श्री चतुरानन मिश्र : बाबरी मस्जिद के लिए जो लोग हल्ला करते हैं वे बाबर की बात को नहीं मानते हैं। हमारी उनसे यही शिकायत है। आप सुन लीजिये, क्या कहा गया है। उन्होंने कहा है—

"...It is incumbent upon you t wash off all the prejuduces. Rul over the people with justice. Mak it a point to give up beef-eatin to win over the hearts of your sul jects, who will then remain grat ful to the Kingdom. The temple and places of worship of the peopl abiding by laws of the Kingdor should never be demolished. Me out justice in such a way as th people may love their King an the King his subjects...Islam sha prosper with kindness on your pa and not with tyranny. Overloo the differences between the Sun and the Shia..."

मैं नहीं कह सकता कि बाबरी मसजि की जगह कोई मंदिर या राम गर्भ गृह थ इतिहास कुछ नहीं बताता है। मैं उन लोग में से नहीं हूं कि यह कहूं कि पहले

राजा या नवाब या आक्रमणकारी मस्जिद नहीं तोड़ते थे, मंदिर नहीं तोड़ते थे। पुराने जमाने में यह होता था। वह बर्बर युग आज आ रहा है, इसलिए हमको दुख है। हमने यह बात आपको इसलिए सुनाई कि वे लोग इन बातों को नहीं मानते हैं। मैं इस बात को मानता हूं, श्री सिकन्दर बख्त साहब यहां पर नहीं बैठे हैं, मैं इनसे इस बात से सहमत हूं कि शाह बानो के केस के फैसले में आप लोगों ने जो कुछ किया उससे हिन्दुओं को गहरी चोट लगी और उसका नतीजा हिन्दू उभाड़ हुआ है। यह बात समझना जरूरी है और हम अपने भाइयों से कहते हैं कि इतिहास मां की तरह होता है। हमारी मां का रंग काला हो तो क्या हम उसको बदल सकते हैं ? नहीं बदल सकते हैं। उसी तरह से इतिहास को भी नहीं बदला जा सकता है। हिस्ट्री एण्ड मदर, बोथ आर इकवेल। आप उनको हटा नहीं सकते। अगर आप विक्टोरिया पैलेस को राज माता पैलेस कर देंगे तो क्या हम अंग्रेज के गुलाम नहीं थे यह सिद्ध होगा ? यह नहीं हो सकता है।

आखिरी बात मैं यह कहना चाहता हूं कि आज इस मामले में हमारी अन्तर्राष्ट्रीय बदनामी हो रही है। इसको भी ध्यान में रखा जाय। मैं अरब देशों के अखबारों की बात नहीं कह रहा हूं। लन्दन इकोनोमिक्स और फार ईस्ट जनरल आदि सब ने लिखा है कि ये लोग इस देश में हिन्दू राष्ट्र कायम करना चाहते हैं। सेकुलरिज्म आज वहां पनाह मांग रहा है वहां दिन गिने हुए हैं जब भारत में सेकुलरिज्म नहीं रहेगा, दूसरे धर्म वालों पर अत्याचार होंगे। जब कि हम लोग जानते हैं कि हम दूसरे धर्म वालों पर अत्याचार नहीं करते हैं। दंगे फसाद होते हैं तो पुलिस उनको रोकने की कोशिश करती है। ईरान के विदेश मंत्री जब यहां आये थे तो उन्होंने कहा था कि हम विश्वास नहीं कर सकते थे कि इतनी बड़ी हिन्दू मेजोरिटी में आप हिन्दुओं को गोली मार देंगे मस्जिद को बचाने के लिए। वह हमारी सेकुलरिज्म की दाद दे रहे थे। बहुत से मेंबर थे उस मीटिंग में। तो हमारी सरकार इस बात की हिफाजत करती है, ऐसा सब को विश्वास है।

आखिरी बात मेरी यही है कि हम जो लोग धर्मनिरपेक्ष दलों वाले हैं, सबसे गड़बड़ी हम ही में है। हमारी पार्टी ने भी गलती की है। हमने भी केरल में मुस्लिम लीग के साथ गलती में एक बार सरकार बनाई थी। हमने यह गलती की है। लेकिन आप अभी भी यही गलती कर रहे हैं, यही मेरी आपसे शिकायत है। ...(**व्यवधान**)... केरल में मुस्लिम लीग के साथ आगे पीछे चल रहे हैं और कहते हैं कि नहीं चल रहे हैं। आप ऐसी बात कैसे बोलते हैं, फिर आपको यह बीमारी हो गई है। सब मिलकर तय कीजिये कि हम लोग सेकुलर रहेंगे। वोट के लिए फतवा लेने नहीं जाएंगे। चुनाव में जीत हार जो होगी इसका फैसला जनता करेगी। अगर इस सवाल पर सेकुलर फोर्सेज युनाइटेड हो जांय तो इन लोगों का भट्टा बैठ जायेगा, यही मैं आपसे कहना चाहूंगा। इस बिल से, अंदाजा यह दे कि सारी साम्प्रदायिक समस्याओं का निदान नहीं होगा। यह इसके लिये बिल नहीं है। इसके लिए आपको बाद में बिल लाना पड़ेगा। लेकिन मैं चाहता हूं कि पब्लिक में जाकर साम्प्रदायिकता को हराया जाय खाली पुलिस की बदौलत नहीं, बिल की बदौलत नहीं, विधेयक की बदौलत नहीं बल्कि जनता में जाकर इसको डिफीट दीजिये। मुझे पूरा विश्वास है और जैसा कि और माननीय सदस्यों ने कहा है कि भारत की जनता हिन्दू सम्प्रदायवाद को ठुकरा देगी, उसको नेस्तनाबूद कर देगी और अपनी मिली-जुली सभ्यता को उजागर कर देगी जिसके लिये यहां शानदार परम्परा बनी हुई है, यही मैं कहना चाहता हूं।

*SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI (Tamil Nadu): Mr. Vice-Chairman, Sir, we are discussing an important issue. The entire world is going through a period of crisis because of political problems. The international political scenario has changed. There are no two Super Powers; it is just one today. As regards economy, because of chronic poverty we could

*English translation of the original speech in Tamil.

[Shri S. Viduthalai Virumbi]

not save hence, we could not invest. Non-investment has led to reterdation of growth resulting in the fall of Gross National product because of which the country is facing a serious economic crisis. In a situation where we have both, political and economic problems, it should be our utmost concern to maintain social harmony. Then alone we will be able to find solution to our problems.

Therefore, the matter we are discussing over a Bill before the House, is an issue that should be approached unitedly cutting across political affiliation. Whether it is centre or state, ruling party or opposition, we all should transcend these barriers and speak in unison voice. The Bill we are discussing is a landmark in political history of India. Disputes of this kind concerning religion have been there since the beginning of the 20th Century.

Sir, caste is a social evil and this has to be eradicated. Religion is the question of faith and choice of an individual. We condemn apartheid in South Africa. Here I would like to say one thing. Apartheid was practised in South Africa only for 400 years. But in India, untouchability was practised for over 2000 years. We are duty bound to do something serious to get rid of this social evil. I am sure the hon'ble members would not have forgotten the incident involving a great leader of national stature, late Shri Jagjivan Ram. Once he unveiled the statue of Dr. Sampornanand by pressing a button without even touching the statue. Yet the casteists said that the statue had been desscrated and demanded that the statue be consecrated by pouring Ganga water over it. What I wish to point out is that casteism is so deep rooted that it can wreck havoc in the society. We still have this kind of superstition in our society.

Sir, we are still witnessing child marriages. We live in a society where a woman becomes an anathema on loosing her husband, on becoming a widow. We have to remove these social evils at all costs. But instead it is a pity that we are quarrelling in the name of religion. I know for certain, that by doing so, we are doing injustice to the posterity.

Sir, 60 years before, the Dravidian Movement to which I am wedded to, held a conference on social reforms at Chengalpattu in Tamilnadu . In that conference such progressive and revolutionary ideas were discussed. Today, I am witnessing a situation wherein, most of our ideologies put forth then have become the points of manifesto of most of the political parties of this country. It is with a sense of sorrow I refer, that at a time when our Movement was all out to unite the people against religious fundamentalism, the so-called national parties did not support us. It is because of their failure to support us at that time, that we are facing this unfortunate situation today. This Bill that provides to prohibit conversion of any place of worship and to provide for the maintenance of the religious character of any place of worship as it existed on the 15th August 1947 is a welcome Bill. Those who are indulging in activities like, dividing people, accepting bribe, raping, torture of woman by husband or in-laws making inflammatory statement near place of worship, practising untouchability, smuggling, being a member or a sympathiser of outlawed organisations, violating FERA, drug-trafficking and indulging in violence are debarred from contesting elections for a period of 6 years. This Bill too comes close to that, for it provides punishment to those who try to convert any place of worship of any religion into a place of another religion. Such fundamentalists would not be able to contest elections. But I have a genuine fear. If this legislation is not implemented properly, even ignorant people could be punished.

Sir, I wish to quote what our leader Dr. Kalaingnar once said:

"Proponents of Hinduism, Religious leaders and devotees—all hold that Ramavtar is one of the ten incarnations of Lord Vishnu...of these ten Avtars, a few were taken after Ramavtar. Paraswram with Ram and Balram and Krishna later, are these Avtars...."

(*Time Bell rings*)

Only two minutes Sir,

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): No, I can't give any more time. Please conclude.

SHRI S. VIDUTHALAI VIRUMBI: "Since all the 10 avtars were taken by Vishnu, how do they point at a particular place and say that Ram was born there. Other Avtars were also taken by Vishnu. Babar lived a few centuries before. Pages of history confirm this. It is said there are four yugas. Kractayug. Thraetheyug, Dhuvebarayug and Kaliyug. We are in Kaliyug now. One yug comprises of 8 lakhs 64 thousand years. I don't say. Vedantists say so. Krishna was born in Dhuvabarayug. The yug preceded that was Thraethayug. It is said that Ram was born in this Thraethayug and Ramayan belongs to this yug. If Krishna was born in this Dhuvabarayug, Ram should have taken birth some 8 lakhs years before. They say that Kaliyug was also born later. So, according to epics Ram was born in Ayodya about 10 lakhs years before. Therefore, is there any justice in saying that Babri Masjid built same 400 years before, should be demolished or shifted for building a temple for Ram,who is believed to have taken birth lakhs of years before? If it is the design of certain religious fundamantalists to humiliate the minorities in the name of religion, then there is a danger of this minority concept entering every field."

This is what our Dr. Kalingnar said. As I conclude, I appeal to those who indulge in dlviding people on communal lines to give up that path in the interest of the nation and work for communal harmony. I support this Bill.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Shri G. Swaminathan. You have very little time. Only three minutes.

SHRI G. SWAMINATHAN (Tamil Nadu): Sir, what can I speak in three minutes?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): You can just support the Bill and take your seat.

SHRI PRAMOD MAHAJAN: He can only say Ram, Ram.

SHRI G. SWAMINATHAN: Sir, the question of maintaining communal harmony and other related problems concerning Hindus and Muslims are there only in the North because of the invasion by Muslims and other things which happened here. It is not there in Tamil Nadu. We maintain communal harmony. In this connection, I would like to point out that there are places of worship like the Nagore Dargah and the Velankanni Temple, which is a Christian place of worship. Hindus visit these places of worship. When a child is born, it is taken to the Dargah for blessings.

In regard to this problem, I would like to remind that all the Muslims in India have not come from abroad. They did not come along with Babar. The ancestors of these Muslims, who number about 12 crores now, were originally Hindus. I am not able to understand the argument of Hindu Muslims. Do you mean to say that the Muslims in India have come from other countries? When this is not correct, it will only mean we are against Hindus themselves because the ancestors of today's Muslim were Hindus and only by conversion they have become Muslims.

The argument has been put forward from the BJP side that there are

[Shri G. Swaminathan]

countries which are theocratic in nature. The argument is that these countries have declared Islam as their State religion and that, therefore, why should we not do the same thing? I am not able to understand this argument. I have read many of the speeches made in the Lok Sabha as well as here. They say that many countries, like Bangladesh, Pakistan, etc., are theocratic in nature and that they have made Islam their State religion. Therefore, they ask 'Why should India be so tolerant '. I would like to ask them whether they want India also to become a Hindu State? Of course, they deny it. They say that they are not for it.

As has been pointed out by Mr. Upendra, we have several problems facing us. We have the economic problem. We have the Kashmir problem. We have the Punjab problem. We have the Assam problem. We have the naxalite problem. Even without communal disharmony, I think it will be very difficult to solve all these problems and keep the country together. We see what is happening in the U.S.S.R. Many of the States are breaking away. My fear is, if we go on in this way, we may face the same situation. I do not know whether we will remain united even after five years. This is what worries everybody who is interested in the unity and integrity of the country.

At this present juncture, if you bring in issues of communal nature, it will only lead to a holocaust in the country which we may not be able to control. We have not been able to control a few naxalites. (*Time-bell rings*) I will take just two-three minutes more. Sir, we have not been able to control a few naxalites in Andhra Pradesh. We are not able to control a few Muslim in Jammu and Kashmir. We are not able to tackle the ULFA problem with our military might. This is mainly because we are not attuned to fight this kind of terrorist activities. Just imagine. Tomorrow, you demolish the Babri Masjid. The Muslims may feel humiliated. This humiliation may leod to frustration. When they get frustrated, they may take to terrorist acivities all over India. When such a situation arises, I do not know whether the Governments, at the Centre and at the State level, will be able to control it. I do not know whether our friends want such a situation. Not only a Muslim may create problems tomorrow even other terrorist may create problems. We are surrounded by Muslim countries. Even one country Pakistan supporting terrorists in Kashmir, we are not able to solve the problem. Yesterday it was said that ULFA movement is being supported by China and Pakistan. Tomorrow you may have Muslims in every State being supported by Gulf countries. They have money, they have the power. Many of the Muslim are earning quite a lot abroad. If these people are going to get money, power and arms, I do not know whether the BJP, even if it comes to the Government, will be able to solve this problem.

Personally I welcome this Bill, but the point which I cannot understand is about the main problem, about the Ram Janambhoomi Babri Masjid. It is said that it is *sub judice*. The problems that have remained *sub judice* before or on 15th August, that shall abate by this Bill, but it has been clearly defined under clause 5 of the Bill that it will not apply to Ram Janambhoomi Babri Masjid dispute although the problem started with this issue only. I do not know why you have left that issue from its purview. Probably, the Government wants not to get into the matter which is already boiling and make it more complicated. That is what I personally feel. I am one who hails from Tamil Nadu. Tamil Nadu is known for communal harmony, where we want continued communal harmony. (*Time Bell rings*). I whole-

heartedly support the Places of Worship (Special Provisions) Bill, 1991 brought forward by the Government on behalf of my party.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Shri Subramanian Swamy.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: How much time is given?

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Only four minutes.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I am sorry, it should be eight minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Then the second speaker of your party will not get the time. Do you want to speak? (*Interruptions*).

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: I am speaking to the Chair, not you. You must learn discipline. I thought you are a disciplined party member. (*Interruptions*).

Sir, as my friend Shri Chaturanan Mishra said, this Bill has been essentially brought because of the BJP and for the BJP. Had it been known in 1947 that such a situation is going to arise after 44 years, I am sure, such an enactment would have been passed in 1947 itself. It has come today because the issue has been raised now. In fact, the BJP often claims to be the reincarnation of he old Jan Sangh and the Jan Sangh was in power in U.P. in 1967. Their man was the Deputy Chief Minister and their partyman was also the Home Minister. They never raised even once the question of Ram Janambhoomi which they could have raised and perhaps even sought a solution at that stage. In fact, at that time they came to power on the anti-cow slaughter agitation and they very soon forgot cow. I am sure, after this election they will very soon forget Ram also and latch on to something else. So, it is not a question really of a religious commitment.

SHRI CHATURANAN MISHRA: Cow and calf were taken by Congress.

SHRI SUBRAMANIAN SWAMY: Yes, cow and calf were taken by the Congressmen, he says.

In fact the original FIR was launched by none other than a constable by name Ram Singh and he describes vividly. in what a sneaky manner the idols and the pictures were brought into the Masjid and since then there has been a dispute. The Muslim community in a meeting which was held when Mr. Chandra Shekhar was the Prime Minister, made an offer and the offer was that if you can show that there was a temple which was demolished and on it a Masjid was built, then this is against Quran and, therefore. we would ourselves participate in the demolition of the Masjid. But you convince us by facts and figures or by some judicial process. We asked them, if we set up a Commission of Inquiry under a Supreme Court Judge, will the decision of that Commission be binding on you? And all the Muslim organisations, 100 per cent of them, supported that and said that they will abide by that. But the Vishwa Hindu Parishad rejected that proposal. I still believe that that is the most just way of finding a solution to the Ram Janambhoomi issue, that is. to set up a commission of inquiry and to determine whether there was a temple there which was demolished. It can be done by archaeological methods. I have verified myself that it is possible. And if indeed there was a temple which was demolished, then, there is no objection from any section of the society to it. (*Time bell rings*).

[Shri Subramanian Swamy]

Sir, it is not four minutes yet, and I have got a surplus of four minutes more as my friend also co-operates.

Therefore. I would say that this still is the best way of solving the problem. This, I think, in my mind should be enacted as a method. That is why I have brought in an amendment to this.

I would like the Home Minister to say here today categorically that if the BJP Government in U.P. unilaterally tries to change the situation of the Ram Janambhoomi issue, then. they would take action, required action under the powers that are available to them under the Constitution to stop this unilateral action and that if necessary, they would be prepared to dismiss the Government of the BJP in U.P. This commitment, I think. the Home Minister should make on the floor of the House. That is the way. I think. we can assure the minorities that this country will go by the rule of law and the sense of fair play.

Thank you, Sir.

THE VICE-CHAIRMAN (DR. NAGEN SAIKIA): Shri Rafique Alam. You shall have to conclude in four minutes.

श्री रफीक आलम : महोदय, पहले तो मैं प्राइम मिनिस्टर और होम मिनिस्टर को दिली मुबारकबाद देता हूं कि सिच्युएशन को देखते हुए वह यह बिल यहां लाए आज राजीव जी हमारे बीच में नहीं हैं। उन्होंने बार-बार कहा था कि सैकुलरिज्म ही एक तरीका है जिससे यह मुल्क एक रह सकता है और अगर कम्युनल फोर्सेज को नहीं दबाया गया तो मुल्क टुकड़े-टुकड़े हो सकता है। लेकिन हिस्ट्री अगर आप देखें तो अजीब सितमजरीफी है कि कराची का रहने वाला जिन्हा ने इस मुल्क को टू नेशन थ्योरी पर बांटा तो दूसरा व्यक्ति कराची का रहने वाला आज मंदिर और मस्जिद का झगड़ा ले करके मुल्क को तहस और बर्बाद करने पर तुला हुआ है। यह मुल्क सभी का है। यह मुल्क किसी एक फिरका या जाति का नहीं है, इस मुल्क में जितने रहने वाले हैं सब इस बात की गवाही देते हैं कि यह मुल्क एक है। इसकी सालमीयत आज खतरे में है। हमारी माली हालत खराब हो रही है। एशिया की हालत हम देख रहे हैं और ऐसी हालत में जो लोग मजहब के नाम पर, धर्म के नाम पर या जाति-पाति के नाम पर मुल्क को तोड़ना चाहते हैं, इस समाज को तोड़ना चाहते हैं, वह इस मुल्क के सब से बड़े दुश्मन हैं। सुपर पावर लगा हुआ है एक सुपर पावर, मैं नाम नहीं लेना चाहता, जो सारी दुनियां पर राज करना चाहती है, तो क्या हम लोग दूसरी सुपर पावर की गुलामी करें? इसलिए आज हरेक हिन्दुस्तानी को चुनौती है कि मजहब, जाति पाति से ऊपर उठकर देश को बचाएं। जिस आजादी की खातिर हिन्दुओं ने, मुसलमानों ने, सिखों ने और ईसाइयों ने, पारसियों ने, सभी ने अपना खून दिया, उस आजादी की जंग में। और वह तिरंगा झंडा हमें सुपुर्द करके चले गए। आज नेताजी सुभाष चन्द्र बोस यहां नहीं हैं, मौलाना आजाद नहीं है, महात्मा गांधी नहीं हैं, पं० जवाहर लाल नेहरु नहीं हैं, इन्दिरा जी नहीं हैं और न र जीव गांधी हैं, लेकिन आज सब देशवासियों का एक फर्ज हो जाता है कि वह लोग तो चले गए तिरंगा झंडा हमें दे कर, क्या यह तिरंगा झंडा की बजाय हम दूसरे सुपर पावर का झंडा यहां लटकायेंगे? तारीख गवाह है, महोदय, कि जब-जब इस मुल्क पर किसी विदेशी राज हुआ है, विदेशी कम कसूरवार हैं, ज्यादा कसूरवार इस मुल्क के लोग हैं। तारीख गवाह है कि जयचंद एक अकेला नाम काफी है इस मुल्क को गुलाम बनाने के लिए, एक मीर जाफर अकेला नाम काफी है इस मुल्क को गुलाम बनाने के लिए। इसलिए अभी जरुरत है हर हिन्दुस्तानी को कि मस्जिद, मंदिर, गुरुद्वारा और आपकी जितनी इबादतगाह हैं, सब की हिफाजत सब मिल कर करें। जब से विश्व हिन्दू परिषद ने हिन्दू राष्ट्र का नारा दिया, हमारे सिख भाइयों ने खालिस्तान का नारा दिया और काश्मीर

जो हमारा इंटेग्रल पार्ट आज भी है, काश्मीरियों को भी शक हो रहा है कि शायद वहां अगर मंदिर टूटेगा तो सब मस्जिद टूट जायेंगे अगर मस्जिद टूटी वहां अयोध्या में इसलिए उन्होंने आजाद काश्मीर का नारा लगा दिया, इधर निश्चिय भाई भी कहेंगे कि साहब हमारे भी गिरजाघर टूट जायेंगे । कहां इस मुल्क को यह भारतीय जनता पार्टी ले जाना चाहती है ? मुझे अफसोस है कि न ये भारत है, न जनता है और न पार्टी है । इसलिए अगर इनको भारत का ख्याल होता तो वे यह नारा कभी न देते । यह मुल्क सभी का है और इस मुल्क में हम सब मिल कर रहना चाहते हैं। यह जो हमारा तिरंगा झंडा, जो हमारे नेताजी बोस ने, महात्मा गांधी ने और मौलाना आबुल कलाम आजाद ने हमारे हवाले किया है, हर हिंदुस्तानी को कसम खानी चाहिए कि हम इस झंडे को गिरने नहीं दें ताकि मुल्क आजाद रहे । जय हिंद ।

شری رفیق عالم - "بہار" : مہودے - پہلے تو میں پرائم منسٹر اور ہوم منسٹر کو دلی مبارکباد دیتا ہوں کہ انہوں نے سچویشن کو دیکھتے ہوئے یہ بل لایا گیا اور آج راجیو جی ہمارے بیچ نہیں ہیں۔ انہوں نے بار بار کہا تھا کہ سیکولرازم ہی ایک طریقہ ہے جس سے یہ ملک ایک رہ سکتا ہے اور اگر کمیونل فورسیز کو نہیں دیا گیا ہے تو ملک ٹکڑے ٹکڑے ہو سکتا ہے لیکن ہسٹری اگر آپ دیکھیں تو عجیب ستم ظریفی ہے کہ کراچی کا رہنے والا جناح نے اس ملک کو ٹو نیشن تھیوری پر بانٹا تو دوسرا وہ بھی کراچی کا رہنے والا آج مندر اور مسجد کا جھگڑا لے کر کے

ملک کو تباہ اور برباد کرنے پر تلا ہوا ہے یہ ملک سبھی کا ہے۔ یہ ملک کسی ایک فرقہ یا جاتی کا نہیں ہے۔ اس ملک میں جتنے رہنے والے ہیں سب اس بات کی گواہی دیتے ہیں کہ یہ ملک ایک رہے۔ اس کی سالمیت آج خطرے میں ہے۔ ہماری مالی حالت خراب ہو رہی ہے۔ رشیا کی حالت ہم دیکھ رہے ہیں اور ایسی حالت میں جو لوگ مذہب کے نام پر، دھرم کے نام پر یا ذات پات کے نام پر ملک کو توڑنا چاہتے ہیں، اس سماج کو توڑنا چاہتے ہیں وہ اس ملک کے سب سے بڑے دشمن ہیں سپر پاور لگا ہے ایک سپر پاور ہیں نام نہیں لینا چاہتا۔ جو ساری دنیا پر راج کرنا چاہتی ہے۔ تو کیا انگریزوں کے بجائے ہم لوگ دوسری سپر پاور کی غلامی کریں۔ اس لئے آج ہر ایک ہندوستانی کو چوکنا رہنا ہے کہ مذہب ذات پات سے اوپر اٹھ کر دیش کو بچائیں۔ جس آزادی کی خاطر ہندوؤں نے مسلمانوں نے سکھوں نے اور عیسائیوں نے پارسیوں نے سبھی نے اپنا خون دیا۔ اس آزادی کی جنگ میں وہ ترنگا جھنڈا ہمیں سپرد کر کے گئے۔ آج نیتا جی سبھاش چندر بوس یہاں نہیں ہیں مولانا آزاد نہیں ہیں۔ مہاتما گاندھی نہیں۔

†[]Transliteration on Arabic Script.

لے جانا چاہتی ہے۔ مجھے افسوس ہے کہ نہ یہ بھارت ہے۔ نہ جنتا ہے اور نہ پارٹی ہے۔ اس لئے اگر ان کو بھارت کا خیال ہوتا تو وہ یہ نعرہ کبھی نہ دیتے۔ یہ ملک سبھی کا ہے اور اس ملک میں ہم سب مل کر رہنا چاہتے ہیں۔ یہ جو ہمارا ترنگا جھنڈا ہے جو ہمارے نیتا جی بوس نے، مہاتما گاندھی نے اور مولانا ابوالکلام آزاد نے ہمیں حوالے کیا ہے۔ ہم ہر ہندوستانی کو قسم کھانی چاہیئے کہ ہم اس جھنڈے کو گرنے نہیں دیں تاکہ ملک آزاد رہے۔ جے ہند۔

कुमारी चन्द्रिका प्रेमजी केनिया : उपसभाध्यक्ष महोदय, जब-जब भारत पर विदेशी आक्रमण हुआ, अत्याचार की मात्रा बढ़ी और भारत की आत्मा को कुचलने की कोशिश की गयी तब-तब भारत जागा हुआ है, भारत की चेतना जागी हुई है और वंदे मातरम् का नारा लगाकर भारत के नौजवान सिर पर कफन बांधकर अपनी आहुति और कुर्बानी देने के लिए तैयार हो गए हैं। अध्यक्ष महोदय, हम याद करें गांधीजी के उन सत्याग्रहों को जिसने पूरी अंग्रेज सल्तनत को हिला दिया था। हम याद करें जलियां वाला बाग के जघन्य हत्याकांड को जिसने पूरे देश को अंग्रेजों के खिलाफ आवाज उठाने को मजबूर कर दिया था। अध्यक्ष महोदय, आज हम वैसे ही माहौल, वही जागृति, वही चेतना, वही हिंदू चेतना देख रहे हैं, महसूस कर रहे हैं। मुझे लगता है कि यह ज्यादातर सरकार की नीतियों का अंजाम है, सरकार की नीतियों का परिणाम है और ये नीतियां क्या हैं? भारत की संस्कृति की चाह रखने वाले, भारत की अस्मिता में आस्था जताने वाले, आध्यात्म की भावना जिनके दिलों में कट-कट कर भरी है, उसमें पंडित नेहरू नहीं हैं। इंदिरा जी नहीं हैं और न राजीव गांधी हैं। लेकिन आज सब देशवासियों का एक फर्ज हो जाता है कि वह लोग तो चले गए तिरंगा झंडा हमें दे कर। क्या यह तिरंगे झंडे के बजाए हम दूसरी सुपर पावर का झंडा यहां लटकाएं। और तारीख गवाह है मेरे दोस्त कि जब जब मुल्क पर किसी दूसरे देशी का राज हुआ, दूसरे देशी कम कसूरवार हैं, ज्यादा कसूरवार इस मुल्क के लोग हैं। तारीख गवाह है कि जैसे चंद एक अंग्रेज काफी था इस मुल्क को गुलाम बनाने के लिए एक मीर जाफर काफी था। इस मुल्क को गुलाम बनाने के लिए। इस लिये अभी जरूरत है हर हिंदुस्तानी को कि मस्जिद, मंदिर, गुरुद्वारा और आपकी जितनी इबादत गाहें हैं, सब की हिफाजत सब मिल कर करें। जब से शिवसेना हिंदू परिषद ने हिंदू राष्ट्र का नारा दिया। हमारे सिख भाइयों ने खालिस्तान का नारा दिया और कश्मीर जो हमारा इंटेग्रल पार्ट आज भी है कश्मीरियों को भी एक शक हो रहा है कि शायद वहां अगर मंदिर टूटे गा तो सब मंदिर मस्जिद टूट जाएंगे अगर मस्जिद टूटी वहां तो हम देखिए हैं और वह भी आजाद कश्मीर का नारा लगा दिया इधर कश्मीरी पंडित भाई भी कहेंगे कि साहब हमारे भी घर बार घर टूट जाएंगे।

कहां इस मुल्क को भारतीय जनता पार्टी

विश्वास रखने वाले लोगों पर अत्याचार किया जाए, दमन किया जाए, लाठी चलायी जाए, गोलाबारी की जाए ! यही वजह है कि हम वही माहौल और वही वातावरण देख रहे हैं जो स्वातंत्र्य संग्राम के वक्त में हम देखा करते थे।

